रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 31 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-160 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्ट्रांग रूम मतगणना स्थल, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायपुर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदान पूर्व तैयारियों की जायजा लेने एक दिवसीय सरगुजा प्रवास पर रहे। निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सहित अन्य सभी मूलभूत आवश्यकताओं को समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इनके साथ आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं नोडल अधिकारी नगर पालिका एवं पंचायत निर्वाचन (पुलिस) ओ.पी. पाल भी उपस्थित थे।

### महाकुंभ में सेक्टर-22 में लगी भीषण आग, कई टेंट जलकर हुए राख

**प्रयागराज।** महाकुं 2025 में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भगदड़ के बाद गुरुवार को मेला क्षेत्र के सेक्टर-22 में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कई टेंट जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि हादसे के वक्त उस इलाके में श्रद्धालुओं की मौजूदगी नहीं थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया। यूपी अग्निशमन विभाग के अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि छतनाग घाट थाना क्षेत्र में करीब 15 टेंटों में आग लगी थी। दमकल कर्मियों ने समय रहते स्थिति को संभाल लिया।

# धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन निरस्त

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी निगम में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। अपर कलेक्टर इंदिरा देवरानी ने बताया कि महापौर के लिए 14 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन प्रस्तुत किया था, समीक्षा के बाद 12 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन स्वीकृत हुए है। एक अभ्यर्थी विजय गोलछा कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नाम निर्देशन पत्र भरा था जिनका नामांकन अब तक विचाराधीन था, जिसे निरस्त कर दिया गया है। बता दें कि धमतरी में कांग्रेस ने पार्टी जिला महामंत्री विजय गोलछा पर भरोसा जताकर उन्हें मैदान में उतारा था। वहीं भाजपा ने प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा को प्रत्याशी बनाया है। रामू रोहरा के अभिकर्ता ने कांग्रेस पार्टी के अधिकृत मेयर प्रत्याशी विजय गोलछा के फॉर्म पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि उनके फॉर्म में निगम में ठेकेदार के रूप में काम करने का जिक्र है। नियम के मुताबिक कोई अगर नगर निगम का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभार्थी है, वो महापौर का चुनाव लड़ने के योग्य नहीं माना जाता है। चुनाव आयोग ने उनकी आपत्ति पर जांच की तो सही पाया, जिसके बाद उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। कांग्रेस पार्टी के अधिकृत महापौर प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने को लेकर धमतरी विधायक ओंकार साहू ने कहा कि मामले को लेकर हमारी पार्टी हाईकोर्ट जाएगी। बता दें कि धमतरी नगर निगम में महापौर के लिए कुल 19 लोगों ने फॉर्म खरीदे थे, जिसमें से 14 लोगों ने फॉर्म जमा किए है। विजय गोलछा सहित दो फॉर्म रिजेक्ट हुआ है, जबकि 12 स्वीकृत किए गए हैं। गोलछा का नामांकन निरस्त होने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

### कांग्रेस का आरोप : सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया गया



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस के प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये तमाम तरीके का षड़यंत्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। बैज ने कहा धमतरी में कांग्रेस के महापौर के प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन फार्म षड़यंत्रपूर्वक मुख्यमंत्री के निर्देश पर रद्द कर दिया गया। विजय गोलछा के नामांकन पर आपत्ति आने के बाद कल ही रात को मुख्यमंत्री ने धमतरी कलेक्टर को निर्देश दिया कि कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पर लगी आपत्ति को स्वीकार कर नामांकन रद्द कर दिया जाये। विजय गोलछा नगर निगम धमतरी के पंजीकृत ठेकेदार नहीं है। वे पीडब्ल्यूडी में पंजीकृत ठेकेदार है तथा उन्होंने धमतरी निगम में एक वर्ष पूर्व काम लिया था जो उसी समय पूरा हो चुका था। उसकी एनओसी भी उन्होंने निगम से लिया था। धमतरी कलेक्टर ने अवैधानिक तरीके से उनका नामांकन निरस्त किया।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें किया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने भारत की आजादी के लिए महात्मा गांधी के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांधी के विचार दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करते हैं। सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश देने वाले गांधी के जीवन मूल्य एवं आदर्श सदैव हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी गांधी के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का प्रण लें और राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

## महाकुम्भ हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग ने संभाला कार्यभार

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर हुई दुर्घटना के कारणों की पड़ताल के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने कामकाज शुरू कर दिया है। आयोग के तीनों सदस्य गुरुवार को लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया, क्योंकि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा, हमारे पास एक महीने का समय है, लेकिन फिर भी हम जांच को तेजी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आयोग के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वह जल्द ही प्रयागराज का दौरा करेंगे। गौरतलब है कि प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था।

## अमित शाह ने गुजरात में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य सरकार से 30 अप्रैल तक सभी आयुक्तालयों में इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की बात कही। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल हुये और बैठक में गुजरात पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की पर समीक्षा की।

## चुनाव आयोग ने 'यमुना में जहर' के आरोप पर केजरीवाल से मांगा सबूत



**नई दिल्ली (वार्ता)।** चुनाव आयोग ने यमुना के पानी में हरियाणा द्वारा जहर मिलाए जाने संबंधी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद केजरीवाल के आरोपों पर उनसे शुक्रवार 11 बजे तक साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा है। आयोग ने इससे पहले, इस प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी की ओर से केजरीवाल के खिलाफ की गयी शिकायत पर उन्हें नोटिस देकर सफाई पेश करने को कहा था। आयोग ने उस नोटिस पर केजरीवाल के जबाव को लेकर उन्हें गुरुवार को लिखे पत्र में कहा है कि उनका जबाव 'आपके सार्वजनिक और बहुचर्चित वक्त व्य के बारे में बिल्कुल खामोश हैं' जिसमें जलापूर्ति को विषाक्त करने की बात कही गयी है।

## रेप के आरोप में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर आखिरकार गिरफ्तार, बीच प्रेस कांफ्रेंस से उठा ले गई पुलिस

एजेंसी ◄ सीतापुर
www.dailypioneer.com



पुलिस ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को गुरुवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब वह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। राठौर पर एक महिला से रेप का आरोप है और हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोतवाली नगर पुलिस ने राठौर को उनके आवास से गिरफ्तार किया। उस समय वह मामले पर प्रेस के सामने बयान दे रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में ही पुलिस वहां पहुंची और राठौर को अपने साथ ले गई। बता दें कि हाईकोर्ट ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पुलिस ने सांसद को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने रेप के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी थी। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की सिंगल मेंबर बेंच ने यह आदेश सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता ने यह मुकदमा 4 साल के बाद दर्ज करवाया है और उनके मुवक्किल को इस मुकदमे में झूठा फंसाया गया है। शिकायतकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने दलील दी कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर एक दबंग नेता हैं, जिसके डर के कारण उनकी मुवक्किल ने केस देर से दर्ज करवाया।

## सर्वदलीय बैठक सार्थक रही : रिजिजू

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि सरकार ने बजट सत्र शुरु होने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विभिन्न दलों के सदन के नेताओं से सत्र को शांतिपूर्ण तरीके से चलाने और सभी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा कराने का आग्रह किया है जिस पर सभी दलों के नेताओं ने सकारात्मक राय व्यक्त की है। रिजिजू ने संसदीय सौंध में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि बैठक पूरी तरह से सार्थक रही है और सभी दलों के सदन के नेताओं ने बैठक में सदन को सुचारु रूप से चलाने पर सहमति दी है। उन्होंने बैठक को सकारात्मक और सार्थक बताया और उम्मीद जताई कि बजट सत्र में सभी दलों के सहयोग से संसद की कार्यवाही अच्छे तरीके से चलेगी। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए।

## रीगन एयरपोर्ट के पास विमान दुर्घटना के बाद पोटोमैक नदी से 18 शव बरामद



**वाशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास एक यात्री विमान और सेना के ब्लैकहॉक हेलिकॉप्टर की टक्कर के बाद पोटोमैक नदी से 18 शव बरामद किए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। 'सीएनएन' ने बताया कि जिस नदी में टकराया हुआ विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, वहां बचाव और राहत कार्य जारी है। घटनास्थल से अब तक चार घायलों को बाहर निकाला गया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान का संचालन करने वाली अमेरिकन एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। एयरलाइनर ने विमान में अपने प्रियजनों के लिए एक हॉटलाइन स्थापित की है। सीएनएन ने एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि ब्लैकहॉक पर तीन सैनिक सवार थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि उन्हें भयानक दुर्घटना के बारे में पूरी जानकारी दी गई है और वह स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और जानकारी पर अधिक विवरण प्रदान करेंगे। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि पेंटागन स्थिति पर सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है और जरूरत पड़ने पर सहायता के लिए तैयार है। अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन ने बताया कि हवा में टक्कर रात करीब नौ बजे हुई। जिसमें विचिटा, कंसास से रवाना हुआ एक क्षेत्रीय जेट और एक सैन्य ब्लैकहॉक हेलिकॉप्टर शामिल है।



# तार-तार हुआ पार्टी अनुशासन, वार्ड क्रमांक 13 में जो कुछ हुआ उसके पीछे कौन ? किसकी रणनीतिक चूक आई सामने

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com






कांग्रेस में जो कुछ हुआ उसकी कल्पना शायद किसी ने नहीं की थी। कम से कम बिलासपुर की राजनीतिक तासीर को देखकर तो नहीं की जा सकती है। इस तरह की राजनीति बिलासपुर में तो आजतक ना किसी ने सुना और ना ही देखा है। जो कभी सुना नहीं और देखा नहीं वही हो गया। कांग्रेस का अनुशासन तो तार-तार हुआ ही, साथ ही नेताओं की भद्द पिटी सो अलग। सियासत में कुसूर तो देखा जाता है साथ ही जिम्मेदारी की भी बात आती है। आप अपनी जिम्मेदारी से ना तो हट सकते और ना ही बच सकते हैं। कुसूरवार को तो सजा मिलना तय है, गैर जिम्मेदार के खिलाफ भी अब कार्रवाई की चर्चा हो रही है। आने वाले दिनों में किन-किन पर सियासत, अनुशासन और गैर जिम्मेदारी को लेकर गाज गिर सकती है, इसको लेकर चर्चा छिड़ी हुई है। कार्यकर्ता अगर पार्टी की आंतरिक व्यवस्था से किसी कारणवश नाराज है या फिर उन व्यवस्थाओं में उनकी विचारधारा मेल नहीं खा पा रही है तो अपनी बात कहां रखें या फिर किससे कहें। निश्चित रूप से पार्टी का अपना अनुशासन होता है और उसी अंदाज में अपना प्लेटफार्म भी। संगठन को सुचारु रूप से चलाने के लिए पार्टी ने जिला व शहर की व्यवस्था की है और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी दी है। कमोबेश यह व्यवस्था सभी दलों में है। कांग्रेस भी इसी परिपाटी पर काम करते रही है। इन दिनों नगरीय निकाय चुनाव का दौर चल रहा है। कार्यकर्ता से लेकर नेता सभी को चुनाव लड़ने की चाहत है और टिकट की दौड़ में चाहे अनचाहे शामिल हो ही जाते हैं। पार्टी की अपनी व्यवस्था, सर्वे, नेताओं की रायशुमारी और इन सबसे ऊपर संगठन की अपनी मर्जी होती है। इसके बाद ही टिकटें तय हो पाती है। मौजूदा चुनाव में भी यही हुआ। टिकट वितरण को लेकर दोनों ही दलों में नाराजगी पनपती दिख रही है। भाजपा में नाराज दावेदार अपनी नाराजगी मन ही मन रखी तो कांग्रेसियों की नाराजगी सीधे जुबान पर आ गई। सार्वजनिक मंच पर नेताओं की खिलाफत और ना जाने क्या-क्या। जाहिरतौर पर पार्टी अनुशासन की बात भी आ गई। यह सब हुआ नामांकन दाखिले के आखिरी दिन। कलेक्ट्रेट परिसर में। कांग्रेस नेता व मेयर पद के दावेदार त्रिलोक श्रीवास और पार्षद पद के दावेदार तैय्यब हुसैन ने तो गजब कर दिया। दोनों दावेदारों के निशाने पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे। त्रिलोक ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी पर सीधे हमला बोला। बकौल त्रिलोक विजय केशरवानी भाजपा की बी टीम की तरह काम कर रहे हैं। कांग्रेस की लुटिया डुबाने का काम कर रहे हैं। त्रिलोक यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे फिर कहा पूर्व मंत्री व बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल के पिता स्व लखीराम अग्रवाल की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता किसने कराई शहरवासी अच्छी तरह जानते हैं। बेलतरा विधानसभा से 18 हजार वोटों से चुनाव हारने के बाद बोलते हैं हमने काम नहीं किया। आजतलक बेलतरा विधानसभा से किसी कांग्रेसी उम्मीदवार इतने भारी अंतर से चुनाव नहीं हारे। विजय केशरवानी अपनी नाकामी का ठिकरा हम पर फोड़ना चाहते हैं। अब तैय्यब की बयान की चर्चा करते हैं। तैय्यब ने शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडेय पर सीधे हमला बोला और उन्हें भाजपा की बी टीम का बड़ा मेंबर बता दिया। दोनों के हमलावार रूख को लेकर इन दिनों जमकर चर्चा चल रही है साथ ही इस राजनीतिक घटनाक्रम का

## पीसीसी के रूख का इंतजार

निकाय चुनाव के दौरान इस तरह की बातों को पीसीसी किस अंदाज में लेती है इसे लेकर अटकलबाजी का दौर जारी है। संगठन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि यह तो सीधे तौर पर अनुशासनहीनता है। अपनी बात रखने के लिए पार्टी का उचित फोरम है। वहां बात रखनी चाहिए। सार्वजनिक जगह पर इस तरह की बातों से पार्टी की ही फजीहत होती है। संगठन से जुड़े पदाधिकारी तो यहां तक कह रहे हैं कि आने वाले दिनों में पीसीसी का अपना निर्णय भी सामने आएगा। बहरहाल अभी तो अटकलबाजी और संभावनाओं पर ही बातें हो रही है। पीसीसी का अपना क्या फैसला आता है यह देखने वाली बात होगी।

# सांसद बृजमोहन ने किए चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद, अब नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सांसद एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर के विभिन्न वार्डों में भाजपा चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अरविंद दीक्षित (वार्ड नंबर 56), भगवती चरण शुक्ल (वार्ड नंबर 57), पंकज विक्रम (वार्ड नंबर 58), मोरेश्वरराव गद्रे (वार्ड नंबर 59) के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन कर भाजपा प्रत्याशियों को जीत की शुभकामनाएं दीं। विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक सुनील सोनी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी समेत पार्टी प्रत्याशी अंजली जितेंद्र गोलछा, सचिन मेघानी, स्वप्निल मिश्रा, अमर गिदवानी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है, और आने वाले नगर निगम चुनाव में भी भाजपा विजयी होकर रायपुर के सर्वांगीण विकास को गति देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुँचाना हमारा संकल्प है। नगर निगम चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को विजयी बनाकर रायपुर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने की दिशा में हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने भाजपा की नीति और नेतृत्व पर



**दंतेवाड़ा।** राज्यपाल रमेन डेका ने बस्तर की आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी की दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



**दंतेवाड़ा।** राज्यपाल ने वन मंदिर वाटिका में 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत कदम का पौधा रोपा, वन मंदिर

# कांग्रेस में परिवारवाद और पैसा हावी, जनता में भारी रोष : मंत्री जायसवाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त असंतोष, नेतृत्व में ऊहापोह और परिवारवाद के चलते चारों ओर बगावत हो रही है। पार्टी में केवल परिवारवाद और पैसा चल रहा है। कांग्रेस के वर्तमान महापौर प्रत्याशियों के खिलाफ भारी रोष देखने को मिल रहा है। जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद इस कदर हावी हो गया है कि राजधानी में पहले महापौर व सभापति प्रमोद दुबे रहे और अब उनकी पत्नी दीप्ति दुबे को महापौर प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार पूर्व में किरणमयी नायक महापौर रहीं और अब उनके देवर प्रमोद नायक को बिलासपुर से टिकट दी गई है। निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर और उनकी पत्नी को अलग-अलग वार्ड से उम्मीदवार बनाया गया है। पहले चिरमिरी से पूर्व विधायक विनय जायसवाल की पत्नी कंचन जायसवाल महापौर थीं और अब विनय जायसवाल महापौर पद के उम्मीदवार हैं। मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने चिरमिरी में महापौर पद के लिए घोषित कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर मचे घमासान, असंतोष और बगावत की खबरों के परिप्रेक्ष्य में कहा कि यह केवल चिरमिरी ही नहीं, अपितु पूरे प्रदेश में यही स्थिति है जिसके मायने आईने की तरह साफ नजर आ रहे हैं कि कांग्रेस की हालत राजनीतिक तौर पर दयनीय हो चली है और कांग्रेस अपने ही बोझ से दबी जा रही है। जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी से महापौर प्रत्याशी बनाए गए विनय जायसवाल वही पूर्व विधायक हैं, जिन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों के सामने आने के बाद अपनी ही पार्टी के केंद्रीय नेता चंदन यादव को 7 लाख रुपए देने का खुलासा किया था और अपनी पार्टी पर टिकटों की खरीदी बिक्री का आरोप लगाया था। इस खुलासे के बाद जायसवाल निष्कासित कर दिए गए थे। जायसवाल ने कहा कि अब विनय जायसवाल को बताना चाहिए कि उनका निष्कासन कितने रुपए में रद्द हुआ और उन्हें टिकट कितने रुपए में मिली है? श्यामबिहारी ने कहा कि विनय जायसवाल पिछली कांग्रेस सरकार में विधायक रहते पूरी तरह से नाकाम साबित हुए, इसीलिए उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दी गई थी और अब उन्हें बड़ी रकम देकर महापौर की टिकट दे दी गई है। जनता यह बात अच्छी तरीके से जानती है कि पैसे के दम पर राजनीति करने वाले ऐसे लोग जनता के सेवक कभी नहीं हो सकते। विनय जायसवाल को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी में बहुत नाराजगी सामने आ रही है और कांग्रेस के कई लोगों ने चुनाव बहिष्कार तक का ऐलान कर दिया है।



## राजभवन में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**रायपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को राजभवन में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। राजभवन परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## आउटर कॉलोनियों में पुलिस का छापा

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने आउटर कॉलोनियों में छापा मारकर बड़ी संख्या में निवासरत बाहरी लोगों की पहचान की है। बिना किसी सूचना के रायपुर में अगल-अलग राज्यों और विदेश से आकर अवैधानिक तरीके से बसे लोगों की पहचान की। सुबह शहर के आउटर कॉलोनी में पुलिस ने यह अभियान चलाया। इस दौरान डेढ़ हजार से अधिक लोगों को पुलिस लाइन ग्राउंड लाया गया। दरअसल, शहर में बड़ी संख्या में लोग बिना किसी सूचना के निवासरत हैं। जिनमें पश्चिम बंगाल, असम, यूपी, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, नॉर्थ ईस्ट के लोग शामिल हैं।

# ट्रांसमिशन कंपनी के 10 कर्मियों को उत्कृष्टता सम्मान प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला ने दिया प्रशस्ति पत्र



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्यो के लिये 10 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। डंगनिया मुख्यालय स्थित सेवाभवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला ने कर्मियों को एक हजार रूपए नगद, प्रमाण पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया। ट्रांसमिशन कंपनी की लिलेश्वरी वैष्णव (कार्यालय सहायक श्रेणी एक, अति. उच्चदाब नि. एवं सं., बिलासपुर), सुखराम (लाइन सहायक श्रेणी-दो, टी.एल.एम, उपसंभाग, बिलासपुर), हर्षदीप वारे (सहायक अभियंता, मीटर रिले परीक्षण संभाग, रायगढ़), महेश कुमार चंद्रा (लाइन परिचारक संविदा, 132 केवी उपकेंद्र, कोरबा पूर्व), बसंत कुमार देवांगन (परिचारक श्रेणी-1, लाइन, बेल्टमैन, 220 केवी उपकेंद्र, भाटापारा), प्रेमचंद वर्मा (परिचारक श्रेणी-एक, लाइन, कार्यपालन अभियंता, कर्मशाला, भिलाई), नमिता विभा लकरा (कार्यपालन अभियंता, भार प्रेषण केंद्र, रायपुर), भारती पिल्ले (कार्यालय सहायक श्रेणी-2, मानव संसाधन, रायपुर), पंकज देवांगन (डाटा एंट्री ऑपरेटर, मानव संसाधन, रायपुर), जितेंद्र कुमार वर्मा (कार्यालय सहायक श्रेणी-2, लाइन, रायपुर) को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया एवं आभार प्रदर्शन मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) वीरेंद्र कुमार दीक्षित ने किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकगण केएस मनोठिया, एमएस चौहान, संजय पटेल, आरसी अग्रवाल, जी आनंद राव विशेष रूप से उपस्थित थे।

# कटारिया ने अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यकता एवं भावी योजना के लिए मास्टर प्लान बनाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के बोर्ड रूम में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल की समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने विभिन्न आवश्यकताओं एवं भावी योजनाओं के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए। बैठक के पश्चात् उन्होंने अम्बेडकर अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग, किचन, कैंसर विभाग, प्रस्तावित एकीकृत 700 बिस्तर अस्पताल स्थल एवं नव निर्माणाधीन मॉर्चुअरी गृह का निरीक्षण किया। बैठक में उनके साथ आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, सीजीएमएससी की संचालक पद्मिनी भोई, चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त चिकित्सा शिक्षा ने अस्पताल में उपचाररत मरीज के परिजनों के ठहरने के लिए अस्पताल परिसर में परिजन आवास बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने मरीज के परिजनों को निशुल्क भोजन बांटने की इच्छुक संस्थाओं के लिए परिसर में चिन्हित स्थान पर प्रस्तावित शेड निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने को कहा है। बैठक में स्वास्थ्य सचिव कटारिया ने चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के उन्नयन के लिए वर्तमान में चल रहे एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने चिकित्सा महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय देकर विभागीय बजट एवं आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। विभिन्न विभागों में उपलब्ध सुविधाएं एवं आवश्यकताओं के बारे में स्वास्थ्य सचिव को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन विभाग से प्राप्त शासकीय जमीन में रेसीडेंट क्वार्टर एवं छात्रावास निर्माण कार्य, चिकित्सा महाविद्यालय के 1500 सीटेड ऑडिटोरियम भवन के बाहरी भाग का सौंदर्यीकरण एवं चिकित्सालय विस्तार कार्य के अंतर्गत जी प्लस टू से जी प्लस सेवन कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्व में ही प्रस्तावित है जो लोक निर्माण विभाग के सिविल वर्क के अंतर्गत प्रारंभ होना है। इसके साथ ही उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय भवन में स्थापित एसी के रखरखाव कार्य, परिसर में विद्युतीकरण का कार्य, सीसीटीवी कैमरा स्थापना कार्य एवं फायर फाइटिंग इलेक्ट्रिक कार्य हेतु प्रावधानित बजट एवं कार्य के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। स्वास्थ्य सचिव ने बैठक में मॉर्चुअरी अपग्रेडेशन एवं विस्तार कार्य को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए सीजीएमएससी के अधिकारियों को निर्देश दिए।



# नारायणपुर में ईवीएम की समझ बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान जारी

## दो दिनों में 200 से अधिक लोगों ने सीखी ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com






नगरीय निकाय स्थानीय निर्वाचन 2024-2025 के अंतर्गत नगरपालिका परिषद नारायणपुर हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में सभी वार्डों में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को ईवीएम के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी देना और उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। 27 जनवरी को वार्ड क्रमांक 1 और 2 तथा 28 जनवरी को वार्ड क्रमांक 3 और 4 में शिविर लगाए गए, जहां 200 से अधिक लोगों ने डेमो ईवीएम मशीन का उपयोग कर मतदान प्रक्रिया को समझा। इन शिविरों में नगर पालिका की टीम ने लोगों को मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और डेमो मतदान करवाया। प्रत्येक वार्ड में निर्धारित समय पर आयोजन होगा, जहां लोग डेमो ईवीएम के माध्यम से मतदान प्रक्रिया को समझ सकेंगे। शिविरों का आयोजन वार्ड स्तर पर ऐसे स्थानों पर किया जा रहा है, जो स्थानीय नागरिकों के लिए सुविधाजनक हैं। 29 जनवरी को वार्ड क्रमांक 5 सिंगोड़ीतराई आंगनबाड़ी के समीप प्रातः 11 से 1 बजे तक और वार्ड क्रमांक 6 बाजारपारा क्षत्रीय समाज भवन में दोपहर 3 से 5 बजे तक शिविर होंगे। 30 जनवरी को वार्ड क्रमांक 7 नंदी चौक के समीप प्रातः 11 से 1 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 8 महावीर मंदिर वार्ड बुधवारी बाजार में इसी समय पर शिविर आयोजित किया जाएगा। 31 जनवरी को वार्ड क्रमांक 9 जगदीश मंदिर वार्ड बुधवारी बाजार में दोपहर 3 से 5 बजे तक और वार्ड क्रमांक 10 मुरियापारा राधाकृष्ण मंदिर में प्रातः 11 से 1 बजे तक जागरूकता शिविर होंगे। 1 फरवरी को वार्ड क्रमांक 11 आश्रम वार्ड आंगनबाड़ी के पास दोपहर 3 से 5 बजे तक और वार्ड क्रमांक 12 माड़िनदेवी शीतला मंदिर के पास प्रातः 11 से 1 बजे तक शिविर होंगे। 2 फरवरी को वार्ड क्रमांक 13 कुम्हारपारा नाच मंडली में दोपहर 3 से 5 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 14 साकड़ीबेड़ा नाच मंडली में प्रातः 11 से 1 बजे तक आयोजन होगा। 3 फरवरी को अंतिम चरण में वार्ड क्रमांक 15 डुमरतराई नाच मंडली में प्रातः 11 से 1 बजे तक शिविर लगाया जाएगा।

# मतदान दलों के प्रशिक्षण पूर्व एसडीएम ने मास्टर ट्रेनरों की बैठक ली



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

31 और 1 फरवरी को होने वाले मतदान दलों के प्रशिक्षण के पूर्व एसडीएम और रिटर्निंग आफिसर गंगाधर वाहिले ने सभी मास्टर ट्रेनरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आज एसडीएम से सभी मास्टर ट्रेनरों को कहा कि आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के मतदान दलों को हर बातों को बारिकी से समझाये । साथ ही साथ सभी प्रपत्रों को कैसे भरना है। इसकी पूर्ण जानकारी देवें। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर टिकेश ठाकुर ने नगरीय निकाय के ईव्हीएम का सभी को अभ्यास कराया एवं कहा कि ईव्हीएम की पूरी प्रक्रिया से हर दल को अवगत कराये। साथ ही साथ मतदान दिवस के दिन आवश्यक प्रपत्रों को भरने के तरीका का अच्छा से अभ्यास करावे। मतदान दलों का प्रशिक्षण दो दिनों तक चलेगा । कल 31 जनवरी को नगर पंचायत के सभी 17 दलों को एवं ग्राम पंचायत के दल क्रमांक 61 तक प्रशिक्षण दिया जाएगा ।1 फरवरी को ग्राम पंचायत के दल क्रमांक 62 से 142 तक का प्रशिक्षण होगा ।नगर पंचायत में कल 15 मतदान केंद्र हैं हर वार्ड के लिए एक मतदान केंद्र होगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत के 52 ग्राम पंचायत में कल 127 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आज के बैठक में एसडीएम भानुप्रतापपुर गंगाधर वाहिले, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर टिकेश ठाकुर एवं मास्टर ट्रेनर नुमेश सोनी, निरंकार श्रीवास्तव, मनोज चौहान ,नीलेश वर्मा, अविनाश सिंग आदि उपस्थित थे।

# नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पीड़िता के पिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, उसके नाबालिग लड़की को अज्ञात आरोपी के द्वारा भगा कर ले गया हैं जिसके रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 176/2024 धारा 137 (2) बीएनएस. कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान अपहृत बालिक व अज्ञात आरोपी पता चलने पर जरिये मुखबीर सूचना पर आरोपी देवराज नेताम मालाकोट निवासी के कब्जे से अपहृत बालिका को बरामद बाद पीड़िता ने बताया कि, आरोपी अपने मोटर सायकल में पीड़िता के गांव आया और बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर जबरन अपने साथ अपने मोटर सायकल में बैठा कर घर ले गया और नाबालिक जानते हुये भी पीड़िता के इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बना कर बलात्कार करना बतायी और प्रेमराज नेताम, देवराज नेताम के साथ विजय नेताम अपने मोटर सायकल में बैठा कर ग्राम मालाकोट ले गये। जिसमे आरोपी प्रेमराज नेताम, देवराज नेताम निवासी मालाकोट बेनूर जिला कोंडागांव को धारा 137 (2), 87, 64(2), (ढ), 3(5) बीएनएस व पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी गयी है। प्रकरण के एक आरोपी विजय नेताम निवासी मालाकोट घटना दिनांक से फरार था जिसकी पता साजी की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी विजय नेताम निवासी मालाकोट से उनके घर से हिरासत में लेकर थाना फरसगांव लाकर पूछताछ किया गया। जो घटना कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी विजय नेताम को 30 जनवरी को गिरफ्तार कर कोंडागांव न्यायालय के समक्ष पेश की गया।

# संस्कार वैली स्कूल में पोक्सो अधिनियम और महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com






संस्कार वैली हायर सेकंडरी स्कूल भानुप्रतापपुर में पोक्सो अधिनियम 2012 और महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायालय, भानुप्रतापपुर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जे. आर. यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, और दीपक कुमार गुप्ता, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भानुप्रतापपुर ने बच्चों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों, मोटर व्हीकल एक्ट और महिला सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के संचालक रितेश संचेती और उप-प्राचार्या हेमलता कोठारी ने कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाते हुए बच्चों की सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर प्रबंधन प्रमुख पवन शांडिल्य, शिक्षक प्रतिनिधि भूपेंद्र कोठारी, विकास चंद्रिकापुरे, मुकेश्वरी डडसेना, एवं आकांक्षा नायक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिक्षिकाओं में सीमा मनीष, शशि यादव, और सुनीता यादव ने जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों और महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रसारित करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# राज्यपाल ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से कोंडागांव की बेटी को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बालिका हेमबती नाग को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उसकी हौसला अफजाई की। उन्होंने कोंडागांव जिले की बेटी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हाल ही में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर विशेष रूप से राजभवन आमंत्रित किया था। उल्लेखनीय हैं कि, हेमबती ने अनेकों बाधाओं को पार करते हुए जूडो खेल का प्रशिक्षण लिया और अनेकों राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किया। उन्होंने बालिका गृह जिला कोंडागांव में यह प्रशिक्षण प्राप्त किया और प्रदेश का नाम रौशन किया।

## संवीक्षा के बाद अध्यक्ष पद हेतु कोंडागांव में 5, फरसगांव में 3 और केशकाल में 6 का नाम हुआ जारी

**कोंडागांव।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले के नगरीय निकायों में प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा के पश्चात नगरपालिका परिषद कोंडागांव के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों में अध्यक्ष पद के लिए सभी 5 और पार्षद पद हेतु प्राप्त 58 नामनिर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए। इसी प्रकार जिले के नगर पंचायत फरसगांव में अध्यक्ष पद हेतु 3 और पार्षद हेतु सभी 39 आवेदन विधि मान्य पाए गए, वहीं अध्यक्ष पद के 1 आवेदन निरस्त हुआ। केशकाल में अध्यक्ष पद हेतु प्राप्त 6 और पार्षद के लिए 69 स्क्रूटनी उपरांत सही पाए गए। नगरपालिका आम निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा के बाद नाम वापसी की तिथि 31 जनवरी दोपहर 3 बजे तक है और मतदान तिथि 11 फरवरी और मतगणना 15 फरवरी को होगी।

## किरन्दुल नगरीय निकाय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने मतदाताओं किया गया प्रेरित



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

आगामी 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान की जाएगी। जिसमें शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार व स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार किरन्दुल गजराज कैम्प में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मतदाताओं को निर्भीक होकर चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित करने के साथ संकल्प दिलाया गया। साथ ही एक ही ईवीएम के माध्यम से नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों को मतदान करने के बारे में मतदाताओं को विस्तार से जानकारी दी गई।

# सितली में पकड़ी गई अवैध शराब

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






कोंडागांव व केशकाल आबकारी विभाग वृत्त की संयुक्त टीम द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बस्तर संभाग जगदलपुर आशीष कोसम के मार्गदर्शन में ग्राम सितली में अवैध शराब संग्रहण की सूचना पर कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन ने बताया कि, 28 जनवरी को मुखबीर से प्राप्त अवैध शराब संग्रहण की सूचना पर आरोपी दिनेश दिवान थाना कोंडागांव को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से कुल 7.800 बल्क लीटर, अन्य प्रांत विदेशी मदिरा माल्ट बीयर, बाजार मूल्य 2040 रूपये जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 36 के तहत् प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया। कोंडागांव आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब संबंधी शिकायत की सूचना प्रदान करने हेतु दूरभाष नंबर-077862-42481 जारी की गई है। उक्त नंबर पर कोई भी व्यक्ति अवैध शराब के संबंध में किसी भी समय सूचना दे सकते हैं।

# सरपंच के लिए 16 ग्राम पंचायतों में नामांकन जमा हुआ

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



सरपंच के लिए दिनांक तक 16 ग्राम पंचायतों में नामांकन जमा हुआ। इसी तरह वार्ड पंच के लिए 120 पंच पद के आवेदन जमा हुए। भानुप्रतापपुर में पंच एवं सरपंच के लिए कुल 8 केंद्र बनाये गये है। जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 नारायणपुर से जगनाथ साहू, जनपद क्षेत्र क्रमांक 05 से योगेश कुमार कोमरा, जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 नारायणपुर से जावेद खान, ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जनपद क्षेत्र क्रमांक 6 भानबेड़ा से अशोक कुमार सर्फे, जनपद क्षेत्र क्रमांक 14 धनेली से सुनिता मंडावी, जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 नारायणपुर से कोमल पटेल, जनपद क्षेत्र क्रमांक 03 सेलेगांव से अनुसुईया टांडिया, जनपद क्षेत्र क्रमांक 13 आसुलखार से कुमारी रीतू मण्डावी, जनपद क्षेत्र क्रमांक 07 चिचगांव से रमेश कुमार उयके, जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 नारायणपुर से गन्नूराम साहू, जनपद क्षेत्र क्रमांक 04 कोरर से आशिष यादव, जनपद क्षेत्र क्रमांक 12 भीरागांव से सेवाराम सलाम, जनपद क्षेत्र क्रमांक 04 कोरर से वीरेन्द्र कुमार कोरेटी, जनपद क्षेत्र क्रमांक 12 भीरागांव से राजू मरकाम, ने नामांकन पत्र खरीदा। सरपंच के लिए 16 ग्राम पंचायतों में नामांकन जमा हुआ। इसी तरह वार्ड पंच के लिए 120 पंच पद के आवेदन जमा हुए। जनपद सदस्य के लिए क्रमांक 4 कनेचुर से ललतुराम साहू और क्रमांक 3 चिल्हाटी से कुमीन बाई महार ने नामांकन प्रस्तुत किया। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के जनपद सदस्य के लिए 14 लोगो ने नामांकन पत्र खरीदा है जिसमें अंजली ठाकुर क्षेत्र क्रमांक 02 भैसाकन्हार डू योगेष कुमार कोमरा क्षेत्र क्रमांक 05 बारवी खेमिन कोरेटी क्षेत्र क्रमांक 02 डूमरकोट चन्द्रमणी नेताम क्षेत्र क्रमांक 11 कन्हारगांव टीकाराम यदू क्षेत्र क्रमांक 11 कन्हारगांव रमेश पाण्डेय क्षेत्र क्रमांक 04 कोरर तेजबत्ती शोरी क्षेत्र क्रमांक 03 बैजनपुरी गिरजा देवी अठभैया क्षेत्र क्रमांक 09 सम्बलपुर हेमराज राठौर क्षेत्र क्रमांक 04 कोरर ज्योति सोनी क्षेत्र क्रमांक 09 सम्बलपुर धरम सिंह कोरचे क्षेत्र क्रमांक 06 कुड़ाल मनोज कुमार दरपट्टी क्षेत्र क्रमांक 07 भैसाकन्हार क सुनाराम तेता क्षेत्र क्रमांक 06 भानबेड़ा अमर सिंह कचलाम क्षेत्र क्रमांक 07 भैसाकन्हार क।

**भानुप्रतापपुर में पंच एवं सरपंच के लिए कुल 8 केंद्र बनाये गये है। संबलपुर, चवेला, करमोती, कराठी, बोगर, विनायकपुर, बांसला**

2 कन्हारगांव में कन्हारगांव,नारायणपुर,मुल्ला,चौगेल

3 केंवटी में केंवटी, परवी, पेवारी, घोठा, आसुलखार, फरसकोट

4 भीरागांव में घोटिया, सोनेकन्हार, जातावाड़ा, भीरागांव।

5 कोरर में बैजनपुरी,भैंसाकन्हार डु, डुमरकोट, सेलेगांव, हरनपुरी, कनेचूर, कोरर, कुर्री, चिल्हाटी, डोंगरगांव।

6 हाटकर्रा में हाटकर्रा, धनेली, तरांदुल, बांसकुण्ड, तुएगुहान, बारवी, हेटारकसा,

7 भानबेडा में भानबेड़ा, मुंगवाल, भेजा,भोड़िया, कुड़ाल, डोंगरकट्टा, चिचगांव, कुल्हाड़कट्टा।

8 कच्चे में साल्हे, कच्चे, ईरागांव, टेढईकोंदल, भैंसाकन्हार (क), दाबकट्टा ग्राम पंचायत के आवेदन लिये जावेंगा।

# एसडीएम और रिटर्निंग आफिसर गंगाधर वाहिले ने की नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर के एसडीएम और रिटर्निंग आफिसर गंगाधर वाहिले ने नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा सभी अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ता की उपस्थिति में किया । नाम निर्देषन के लिए अध्यक्ष के लिए 2 एवं 15 वार्डो में पाषदों के लिए कुल 34 नामांकन जमा हुआ। 31 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। 31 को ही 3 बजे सभी को प्रतीक आबंटन किया जावेगा।आज सहायक रिटर्निंग आफिसर कृष्णा पाटले, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, मास्टर ट्रेनर्स टिकेश ठाकुर उपस्थित रहे।

**कुल स्वीकृत आवेदन का विवरण इस प्रकार है** - अध्यक्ष - भगवती गजेन्द्र (कांग्रेस), निखिल सिंह राठौर (भाजपा)।

वार्ड क्र.01 बसंती देवी गांधी (भाजपा), प्रिया सिंह (कांग्रेस), वार्ड क्र.02 मनिषा श्रीवास (भाजपा), निषा तिवारी (कांग्रेस), मीनाक्षी शर्मा( निर्दलीय), वार्ड क्र.03 भीखम आरदे (भाजपा), नरेन्द्र कुलदीप (कांग्रेस), वार्ड क्र.04 पदमनी साहू (भाजपा), सुमित्रा साहू (कांग्रेस), वार्ड क्र.05 गुमानसिंह ठाकुर (भाजपा), सीताराम यादव (कांग्रेस), वार्ड क्र.06 राजकुमार यादव (भाजपा), सियासेन गुप्ता (कांग्रेस), वार्ड क्र.07 चंदन मंडावी (भाजपा), रूपेन्द्र मरकाम (कांग्रेस), न्दंलाल तुमरेटी (निर्दलीय), वार्ड क्र.08 अलोतीन बाई उयके (भाजपा), भगवान सिंह कुंजाम (कांग्रेस), वार्ड क्र.09 कमलेष कुमार गावड़े (भाजपा), तुषार ठाकुर (कांग्रेस), वार्ड क्र.10 मनदीप कौर ढिंडसा (कांग्रेस), संध्या साहू (भाजपा), वार्ड क्र.11 मनीष सदानंद (भाजपा), विजय धामेचा (कांग्रेस), सरोजीत बिष्वास (निर्दलीय), वार्ड क्र.12 रजिदंर रंधावा (भाजपा), संजय मेहता (कांग्रेस), मनीष साहू (निर्दलीय), वार्ड क्र.13 अजय शर्मा (भाजपा), पंकज राज वाधवानी (कांग्रेस), वार्ड क्र. 14 गजानंद डडसेना (भाजपा), निखिल षिवहरे (कांग्रेस), वार्ड क्र.15 कीर्ति पद्दा (कांग्रेस), रेखा दुग्गा (भाजपा)।

# कलेक्टर अग्रवाल ने समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर अधिकारी-कर्मचारियों को थमाया नोटिस

## अधिकारी-कर्मचारियों में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला मुख्यालय के विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि, मत्स्य, आरईएस, पीएमजीएसवाय, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास के कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कार्यालय के शाखाओं में जाकर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, स्थापना, आडिट फाइलों का भंडारण एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित शासकीय कर्मियों की जानकारी ली। निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सही समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के उप संचालक चंदन राय, सहायक संचालक महेश पैकरा, रमेश निषाद, मत्स्य विभाग के सहायक संचालक आलोक वशिष्ट, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रकाश देवरे, एसडीओ नवीन चन्द्राकर, पीएमजीएसवाय कार्यालय के उप अभियंता इंद्रजीत कंवर, सहायक अभियंता विनय भिरवानी, सहायक ग्रेड-03 तोषण कुमार, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सुमीत कुमार यादव, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। इस दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यालय में लोकार्पण शिलान्यास के शिलालेख को निर्धारित कार्य स्थल पर चस्पा नहीं करने तथा शिलालेखों को कार्यालय में अनावश्यक रखने एवं कार्यालय पर मशीनों को व्यवस्थित रही करने पर एसडीएओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही इन कार्यालयों में फाईलों के रख-रखाव को व्यवस्थित करने एवं साफ-सफाई होने के उपरांत फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देश पर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर ने सभी कर्मियों को निर्धारित वेशभूषा, शासकीय पहचान पत्र आईडी कार्ड पहन कर ही कार्यालय आने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों को निर्धारित ड्रेस में ही कार्यालय आने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशा अनुसार सभी शासकीय सेवक निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित होकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने जिला अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों को भी निर्धारित समय में कार्यालय आने के नियम का पालन करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सभी शाखाओं में नस्तियों के व्यवस्थित संधारण एवं साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# अस्पताल में स्वच्छता एवं बेहतर सुविधा मुहैया कराकर लोगों का बढ़ाएं विश्वास : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वास्थ्य विभाग क़ी समीक्षा बैठक में फर्स्ट रिफरल यूनिट सीएचसी कसडोल में भी सिजेरियन डिलीवरी क़ी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनेस्थेशियोलॉजिस्ट की नियुक्ति करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी क़ो दिए। वर्तमान में सी एच सी कसडोल सहित तीन फर्स्ट रिफरल यूनिट हैं जिनमे जिला अस्पताल बलौदाबाजार एवं सी एच सी भाटापारा में सिजेरियन डिलीवरी हो रही है।संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, आर एच ओ, सी एच ओ एवं एएनएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे। समीक्षा के दौरान आयुष्मान योजना एवं संस्थागत प्रसव में कमजोर प्रदर्शन पर मटिया, तेलासी, कुसमी एवं जारा के आरएचओ एवं बलौदाबाजार के पीएचसी षष्ठी मंदिर व बेसिक शाला के एएनएम क़ो कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिलेवासियो क़ो बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना हम सबकी प्राथमिकता है। सभी अस्पतालों में स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं सकारात्मक व्यवहार से लोगों का विश्वास बढ़ाये। सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव जरूर हो। यदि गांव के लोग अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में डिलीवरी के लिए जाते है तो उन्हें अपने स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी कराने प्रोत्साहित करें। उन्होंने सभी योजनाओं में संकेतक़ के अनुसार प्रगति लाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने कहा एवं बीएमओ क़ो नियमित रूप से मैदानी अमलों क़ी बैठक लेकर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला औद्योगिक जिला होने के कारण स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे आपात स्थित के लिए हमेशा तत्पर रहना होगा। सभी सीएचसी, पीएचसी एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में दवाई क़ी पर्याप्त उपलब्धता हो। स्टॉक में कमी होने से पहले ही जिला कार्यालय क़ो सूचित करें। इसी तरह एम्बुलेंस क़ी उपलब्धता भी समय पर हो यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का पंजीयन एवं कार्ड वितरण के लिए ठोस रणनीति बनाने कहा। बैठक में आयुष्मान योजना, सिकल सेल स्क्रीनिंग, टी बी स्क्रीनिंग, हायपरटेंशन स्क्रीनिंग, टेली कंसल्टेशन, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम, निक्षय मित्र,टीकाकरण, एनआरसी, एन क्यू ए एस एवं नवाचार गतिविधियों के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा करते हुए जरूर निर्देश दिए।

# कलेक्टोरेट में ईव्हीएम का किया गया डेमो प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन में ईव्हीएम मशीन से मतदान होना है। इव्हीएम मशीन से मतदान करने के सम्बन्ध में आम जनों क़ो जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देश पर संयुक्त जिला कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के रिसेप्शन काउंटर में ईव्हीएम डेमो प्रदर्शन किया गया है। यह डेमो प्रदर्शन मतदान के दो दिवस पूर्व तक जारी रहेगा। कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुक, अधिकारी-कर्मचारी डेमो के माध्यम से ईव्हीएम से मतदान करने की प्रक्रिया क़ा अवलोकन कर सकते हैं। मास्टर ट्रेनर के द्वारा जिज्ञासाओं व शंका समाधान भी किया जा रहा है।इसके साथ ही सभी नगरीय निकायों के वार्डो में भी ईव्हीएम से मतदान करने जागरूकता अभियान एवं ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन किया जाएगा।

# शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों क़ी आहुति देने वाले शहीदों क़ी समृति में संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में दो मिनट क़ा मौन धारण कर अधिकारी कर्मचारियों नें श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर दीपक सोनी सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी क़ी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इसके साथ ही जिले के अन्य सभी कार्यालययों में भी मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर कलेक्टर सोनी ने नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति संकल्प हेतु उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों क़ो शपथ दिलाई। हस्ताक्षर अभियान अंतर्गत अधिकारी कर्मचारियों नें हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, डिप्टी कलेक्टर रंजना आहुजा सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## उप अभियंता, आरईएस को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर किया गया नियुक्त

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन, सु नम्रता गांधी ने उप अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कुरूद केशु चन्द्राकर को सेक्टर क्रमांक 07 ग्राम पंचायत भवन चटौद का सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। गौरतलब है कि जनपद पंचायत कुरूद के क्लस्टर क्रमांक 07 के लिए पूर्व में सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग ए के मत्स्यपाल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के तौर पर नियुक्त किया गया था। मत्स्यपाल के पारिवारिक सदस्य के निधन होने की सूचना प्रदान करते हुए आकस्मिक अवकाश पर चले जाने के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मती केशु चन्द्राकर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

# रोहिना में जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस का पर्व रोहिना में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शा उच्च प्रा शाला एवं हाईस्कूल प्रांगण में प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, मिनी आंगनबाड़ी केंद्र में प्रधान पाठक टीआर पटेल, प्रा.शा. में बोधन पटेल, सहकारी समिति रोहिना में बनीतराम सिदार, ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उच्च प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सेठ थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल ने एवं सह अध्यक्षता प्रधान पाठक टीआर पटेल ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नेपाल साहू थे, व्याख्याता के के साहू, शिक्षक एके पटेल, एसके पटेल, लिपिक एसआर साहू एवं कैलाश कुमार आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा मनमोहक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। हाई स्कूल की छात्राओं ने जहां सुंदर संबलपुरी नृत्य की प्रस्तुति दी वहीं मिडिल के छात्रों ने भगत सिंह के जीवन पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया। कार्यक्रम का संचालन व्यख्याता कमलेश साहू ने की तथा आभार व्यक्त एके पटेल ने की।

# एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत जप्त मादक पदार्थ का किया गया विधिसम्मत नष्टीकरण



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक आंजनेय एवं नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, सहा आबकारी अधिकारी प्रदुमन नेताम कमेटी की सदस्य की उपस्थिति में मादक पदार्थ गांजा, नशीली कैप्सूल नष्टीकरण के लिए गठित कमेटी द्वारा धमतरी पुलिस द्वारा जिला धमतरी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण में जप्त मादक पदार्थ, नशीली कैप्सूल का विधिसम्मत नष्टीकरण कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट अधिनियम में निहित प्रावधान अंतर्गत नियमानुसार की गयी। नष्टीकरण की कार्यवाही में जिला धमतरी के 07 एनडीपीएस प्रकरण में कुल 68.9730 किलोग्राम गांजा एवं नशीली कैप्सूल 3312 नग को विधिवत् जन सामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पर्यावरण विभाग से अनुमति उपरांत रायपुर के सिलतरा स्थित जयसवाल निक्को पावर प्लांट के भट्ठी/फर्नेस में जलाकर नष्ट किया गया।

# लाईफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राजश्री सदभावना समिति की ओर से संचालित लाईफकेयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग बलौदाबाजार में 2024-25 में प्रवेश लेने वाले नवीन छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव मनाया गया। सीनियर छात्राओं ने आए हुए अपने जूनियर छात्रों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया गया. उक्त क्रम में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इसी क्रम में रैम्प वॉक, छत्तीसगढ़ी गीतों पर डांस समेत अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सदभावना समिति की अध्यक्षा शकुन डहरिया बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुईं। इसके अलावा राष्ट्रीय सदभावना समिति की कार्यकारिणी सदस्य अनीता भ्रतप्रहरि, याचना भ्रतप्रहरि शशि बाला सोनकेवर भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में शकुन डहरिया ने बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर का चयन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था की सदस्य श्रद्धा दुबे ने बच्चों को आधुनिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, एवं नर्सिंग शिक्षा के उद्देश्यों के बारे में बताया। कोरोना काल में नर्सों द्वारा देश के नागरिकों की जो सेवा की गई उन्हें बताया गया। उन्हें नर्सिंग की पढ़ाई कर आगे भविष्य में जनता की सेवा कैसे करनी है एवं उन्हें क्या-क्या रोजगार उपलब्ध हो सकता है उस विषय के बारे में जानकारी दी गई। दुबे ने माता-पिता के कठोर परिश्रम कर उन्हें जो शिक्षा दिलाई जाती हैं उन्हें उन उद्देश्यों को पूर्ण करने की बात कही। इसी कड़ी में संदीप पांडेय द्वारा संस्था की संचालिका शकुन डहरिया की पारिवारिक शिक्षा एवं उनके द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में जन हितकारी कार्यों के बारे में संस्था के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में होमेश यादव ने संस्था के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा दी जा रही शिक्षा के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने की कला के बारे में बताया साथ ही नर्सों के उद्देश्यों के बारे में उन्हें जानकारी दी। जन सेवा ही सबसे बड़ी सेवा होती है यह जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। याचना भ्रतप्रहरि द्वारा संस्था के 1 वर्ष में किए गए जनहित कार्यों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि संस्था जनहित के कार्यों को करती है. साथ ही संस्था के क्या-क्या उद्देश्य हैं उनके बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रेमलता साहू द्वारा नर्सिंग कॉलेज में 1 वर्ष में किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। उमा साहू द्वारा नर्सिंग के गुर के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई एवं अपने अनुभव को उनसे साझा किया. उक्त कार्यक्रम में संस्था के होमेश यादव, मनोज दुबे, श्रद्धा दुबे, प्रेमलता साहू, संध्या घृतलहरे, उमा साहू, अंजू लता साहू, शोभना रानी साहू, परवीन बानो, तेजस्विनी क्रिस्टी, पिंकी गुप्ता, संदीप पांडेय, पूनम वाजपेयी, ढालेंद्र गिरि, वेदप्रकाश साहू, शेखर सुमन कुर्रे, संदीप मिश्रा, राजेंद्र कु. तेहरवांसा, वेदेश्वरी साहू उमा ध्रुव, गंगा बाई साहू, राजेंद्र कृष्ण सोनी, केकति ध्रुव, मोहन घृतलहरे, रामू यादव, कन्हैया लाल यादव, रेणुका सोनी, संगीता डहरिया, शबनम सागर उपस्थित रहे।

# रामू रोहरा ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में मत्था टेक मांगा जीत का आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा ने अमर टॉकिज के सामने स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आरती में शामिल होकर प्रसादी वितरण किया। इस अवसर पर रोहरा ने संकटमोचन हनुमान जी के सामने मत्था टेककर शहर विकास की कामना को लेकर जीत का आशीर्वाद मांगा। ज्ञात हो कि रोहरा ने सर्वप्रथम नगर की आराध्य देवी बिलाईमाता का आशीर्वाद लेकर अपने समर्थकों के साथ शुभ मुहूर्त में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उनके भाजपा के देवता तुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगर निगम धमतरी में महापौर पद के लिए 14 और पार्षद के लिए 148 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 की नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब स्थिति स्पष्ट होने लगी है। जिले में एक नगर निगम सहित 5 नगर पंचायतो के लिए आगामी 11 फरवरी को मतदान होगा। नगर निगम धमतरी में महापौर पद के लिए 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। वहीं निगम पार्षद के लिए 148 अभ्यर्थियों ने अपने फार्म जमा किये। इनमें से 90 पुरुष और 58 महिला अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। निगम क्षेत्र में पार्षद हेतु सबसे अधिक आवेदन वार्ड क्रमांक 9, 13 और 17 में प्राप्त हुए जहां अभ्यर्थियों की संख्या 7-7 है। वहीं नगर पंचायत कुरूद में अध्यक्ष पद पर 7 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया जिसमें 5 पुरूष एवं 2 महिलायें शामिल है। पार्षदों की बात की जाये तो कुल 42 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया जिसमें 27 पुरूष और 15 महिलायें शामिल है। कुरूद पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6, 10, 13 और 14 में 4-4 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र जमा किये। इसी तरह नगरी में नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु 3 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया। वहीं पार्षद हेतु कुल 44 नामांकन भरे गये जिसमें 29 पुरूष व 15 महिलायें शामिल है। सबसे अधिक वार्ड क्रमांक 13 में 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये। नगर पंचायत मगरलोड में अध्यक्ष हेतु 4 महिला अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये। वहीं पार्षद हेतु 51 नामांकन पत्र जमा किये गये जिसमें 37 पुरूष व 14 महिलायें शामिल है। वार्ड क्रमांक 3, 8, 10, 12, 13 में 4-4 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किये। इसी प्रकार नगर पंचायत भखारा में अध्यक्ष हेतु कुल 3 नामांकन पत्र जमा किये गये। पार्षद हेतु कुल प्राप्त 37 आवेदनों में 22 पुरूष और 15 महिला अभ्यर्थी शामिल है। पंचायत क्षेत्र के 7 वार्डो में 3-3 अभ्यर्थियों ने आमदी नगर पंचायत में अध्यक्ष हेतु 4 महिला अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र भरें। वहीं पार्षद हेतु 32 आवेदनों में 11 महिला एवं 21 पुरूष अभ्यर्थी शामिल है। आमदी पंचायत में पार्षद हेतु सबसे अधिक वार्ड क्रमांक 1 में 4 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किये।

**निगम, पंचायतों के लिए 11 फरवरी को होगा मतदान**

# निःशुल्क दन्त प्रत्यारोपण कैम्प में 26 मरीज चिन्हांकित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी एवं शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले के पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अब तक आयोजित शिविरों में 26 मरीजों का दन्त प्रत्यारोपण के लिए चिन्हांकित किया गया। इसके तहत सिविल अस्पताल नगरी में दो दिवसीय 29 और 30 जनवरी को निःशुल्क दन्त प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया। 17 लोगों की मैपिंग, डेंटल सेट लगाए गये। यह जिले में अपने तरह का पहला और सिविल अस्पताल नगरी में दूसरा कैम्प है, जिसमें इतनी महंगी सुविधा को सामान्य जनमानस को निःशुल्क प्रदान किया गया है। शिविर में दंत महाविद्यालय रायुपर के डॉ सिद्धार्थ ठाकुर, डॉ महेन्द्र कुमार अनंत, डॉ सोपान सिंह, डॉ शुभम सेठी, डॉ शशांक अग्रवाल, डॉ दीपिका साहू, खेमन दीवान डेंटल असिस्टेंट सहित डेंटल कॉलेज के इंटर्न स्टाफ उपस्थित रहे। इसके साथ ही खण्ड चिकित्सा अधिकारी नगरी डॉ अरुण कुमार नेताम, बीपीएम हितेन्द्र कुमार और डॉ श्रीकांत चंद्रकार उपस्थित रहे।

# नगर पालिकाओं का आगामी आम निर्वाचन ईव्हीएम के माध्यम से होगा

## आम नागरिकों को ईव्हीएम के संबंध में जागरूक करने आयोग ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं का आम निर्वाचन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम के माध्यम से कराया जाना है। आयोग द्वारा सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन को परिपत्र जारी कर आम नागरिकों को ईव्हीएम के संबंध में जागरूक करने निर्देश दिए हैं। आम नागरिकों को ईव्हीएम के संबंध में जानकारी एवं जागरूकता के लिए आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया है। आयोग ने कहा है कि प्रति वार्ड शासकीय कार्यालय में ईव्हीएम प्रदर्शन जानकारी केन्द्र बनाया जाए एवं एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। प्रत्येक प्रदर्शन केन्द्र में मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई जाए, जो ईव्हीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को डिमोंस्ट्रेट करके बताएं एवं उनकी शंकाओं, जिज्ञासाओं का निराकरण करे। आयोग ने कहा है कि नाम वापसी की तिथि से मतदान के दो दिवस पूर्व तक ईव्हीएम का प्रदर्शन किया जाए, जिसमें डमी मतपत्र प्रयोग किया जा सकता है। डमी मतपत्र में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या समान हो परंतु निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम एवं प्रतीक डमी मतपत्र में मुद्रित नहीं होना चाहिए अर्थात् जिन वार्डों में दो या अधिक बैलेट यूनिट की आवश्यकता हो वहां पर दो या अधिक बैलेट यूनिट का प्रदर्शन हेतु उपयोग किया जाए। जिले में इलेक्शन रूल और ईव्हीएम डेमो से संबंधित मीडिया वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाए। कार्यालय कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, तहसील, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जिले के प्रोफेशनल एवं डिग्री कॉलेज में भी ईव्हीएम डेमोन्ट्रेशन यूनिट की स्थापना की जाए। साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में भी ईव्हीएम के संबंध में आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाए।

# तनीशी के 13वें जन्मदिन पर 202 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित, पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने भी किया रक्तदान

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



एक पिता का अपनी बेटी को लेकर प्यार ऐसा कि हर साल बिटिया परी के जन्मदिवस को यादगार बनाने और सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिता के द्वारा रक्तदान शिविर लगवाया जाता है। सिकलिंग, थैलेसीमिया पीड़ित मरीज-बच्चों को रक्त की नियमित आवश्यकता एवं ईलाज के दौरान रक्त की कमी होने से रक्त का अभाव न हो इसी उद्देश्य से सेवाभवी तृपेश शर्मा की इकलौती पुत्री कु, तनीषी शर्मा (परी) के 13 वां जन्मदिवस 25 जनवरी 2025 को दुर्ग जिला ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में प्रातः 09 बजे से शाम 06 बजे तक रक्तदान होता रहा। तृपेश के परिवार जनों ने भी रक्तदान किया। मित्रगण, व्यपारी वर्ग, विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को भी रक्तदान के लिये प्रेरित कर रक्तदान करवाया गया। रक्तदान शिविर में समर्पित परिश्रमी सामाजिक समिति 'दिशा' छ.ग. प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, दुर्ग, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, जलाराम रिसायकल्स दुर्ग, सेव इंडियन फेमली, नव दृष्टि फाउडेशन, दर्ग भिलाई मोबाईल एसोसिएशन, दुर्ग दवा विक्रेता संघ एवं दुर्ग भिलाई के रक्तदाताओं ने रक्तदान कर कुल 202 यूनिट रक्तदान किया। तृपेश शर्मा प्रतिवर्ष अपनी पुत्री परी के जन्मदिवस 25 जनवरी रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं, विगत वर्ष 25 जनवरी 2021 को 110 यूनिट, वर्ष 2022 को 101 यूनिट, वर्ष 2023 को 147 यूनिट, वर्ष 2024 को 213 यूनिट एवं वर्ष 2025 को 202 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में 19 रक्तदाताओं ने अपने जीवन का प्रथम रक्तदान, 04 जोड़े पति-पत्नी, 03 जोड़े पिता-पुत्र ने रक्तदान किया।

रक्तदाताओं को उत्साहित कर प्रमाण पत्र वितरित किये गए। रक्तदाताओं ने पुत्री तनीषी को जन्मदिवस पर दीर्घायु की कामना से शुभआशीषे दी। आयोजित शिविर में पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला (आई.पी.एस.) ने स्वयं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग के समक्ष ब्लड बैंक में रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान को अपना कर्तव्य व समाज के प्रति जिम्मदारी समझें। रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक में जमा की गयी रक्त यूनिट मरीजों के जान बचाने के काम आयेगी। उनकी दुआयें सभी रक्तदाताओं और तनीषी को नई उर्जा और ताकत देती रहेगी। इस दौरान विधायक दुर्ग (ग्रामीण) ललित चंद्राकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक चि. दुर्ग डॉ. हेमंत साहू, डॉ. आर.के. खण्डेलवॉल, आरएमओ डॉ. अखिलेष यादव, डॉ. पियूष वास्तव मेडिकल ऑफिसर ब्लड बैंक, दिलीप ठाकुर जीवनदीप सदस्य, रेडकॉस चेयरमेन डॉ शरद पाटनकर, रोशन सिंह एवं समस्त ब्लड बैंक कर्मचारी, प्रदेश स्वा.कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता, चेम्बर ऑफकॉमर्स से पवन बड़जात्या, सु पायल जैन, प्रहलाद रूंगटा, मो. अली ईरानी, शिविर में उपस्थित रहें।

# सुपेला पुलिस ने सशक्त एप की मदद से दो चोरी के वाहनों को किया बरामद

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय ने एवं गृह मंत्री छ. ग.शासन विजय शर्मा के द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग के तहत दिनांक 05.12.2024 को सशक्त एप लॉन्च किया गया था। वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग द्वारा चोरी हुए वाहनों की जानकारी व बरामदगी के लिए सशक्त एप को विकसित किया गया है। इस एप का उद्देश्य चोरी हुए वाहनों की जल्द पहचान और बरामदगी करना है। इस पहल के तहत पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी एवं नोडल अधिकारी सशक्त एप उप निरीक्षक डॉ. संकल्प राय के नेतृत्व में कार्रवाई की जा रही है। जिसमे 28.01.2025 को सुपेला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा की पैट्रोलिंग टीम जिसमे आरक्षक सूर्या प्रताप सिंह और दुर्गेश सिंह ने पेट्रोलिंग के दौरान संदिग्ध वाहनों की जांच की जिसमे -फरीद नगर ग्राउंड के पास संदिग्ध रूप से खड़ी एक्टिवा के इंजन व चेसिस नंबर को सशक्त एप में चेक किया गया। यह वाहन पदमनाभपुर थाना क्षेत्र से चोरी हुआ पाया गया और इसे तुरंत बरामद किया गया। मिलन चौक के पास बिना नंबर प्लेट की खड़ी एक स्प्लेंडर बाइक के इंजन व चेसिस नंबर को जांचने पर वह सुपेला थाना क्षेत्र से चोरी हुई पाई गई। इसे भी बरामद कर लिया गया। सशक्त एप लॉन्च होने के बाद से अब तक दुर्ग जिले में कुल 12 चोरी हुए वाहनों को बरामद किया जा चुका है। इस एप से पुलिसिंग कार्य में तेजी आई है एवं कार्यकुशलता बढ़ी है। जिला दुर्ग में अभी तक सशक्त एप को कुल 800 से ज्यादा अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उपयोग किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन अभियान चलाया जाकर चोरी हुए वाहन को ढूंढने में यह एप मददगार साबित हुआ है। सशक्त एप के माध्यम से चोरी हुए वाहनों की त्वरित पहचान और बरामदगी से पुलिस कार्यवाही पहले से अधिक सटीक, तेज और प्रभावी हो गई है।

# मंडल न होते तो डॉ. अंबेडकर का संविधान सभा में जाना मुश्किल था: मेश्राम

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



डी एस एम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई में महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल की जयंती का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं दिवंगत मंडल के देश के प्रति योगदान को याद करते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कायक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने उपस्थित लोगों को बॉम्बे से मिली पराजय के बाद महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल के अनुरोध पर पूर्वी बंगाल के जैसोर खुलना क्षेत्र से बाबासाहेब अंबेडकर के चुनाव लड़ने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया जब बाबासाहेब डॉ अंबेडकर के संविधान सभा में प्रवेश को रोकने के लिए संविधान सभा के दरवाजे, खिड़की और रोशनदान तक बंद कर दिए जाने का ढिंढोरा पीटा जा रहा था तब वे महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल ही थे जिन्होंने अपनी जैसोर खुलना की सीट छोड़ते हुए बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान सभा में प्रवेश का रास्ता बनाया। अध्यक्षता करते हुए भिलाई स्टील प्लांट में अजा अजजा वर्ग के प्रथम सीजीएम एल उमाकांत ने कहा कि आज महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल के संघर्षो को बताने वाली किताबों का अभाव है। भिलाई में हुए पिछले मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल में जोगेंद्र नाथ मंडल के कार्यो को दिखाने वाले पोस्टर को देखकर धनंजय ने तेलुगु भाषा में उनपर एक बहुत अच्छी किताब लिखी है। उन्होंने भिलाई-दुर्ग के एससी,एसटी ओबीसी और माइनॉरिटी वर्ग के लोगों को इसी प्रकार लगातार कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने पर बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत में जोगेंद्र नाथ मंडल जी की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बातचीत की शुरुआत करते हुए भिलाई स्टील प्लांट के जनरल मैनेजर बी बाला ने विस्तार से तत्कालीन बंगाल में नमो शूद्रों के साथ हो रहे जातिगत उत्पीड़न की जानकारी दी।

# जाबो कार्यक्रम अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में लगातार चलाये जा रहे है मतदाता जागरूकता अभियान

## रैली निकालकर मतदाताओं को किया मतदान हेतु प्रेरित




पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत जाबो कार्यक्रम के तहत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है। मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने महिलाओं ने रंगोली, ग्राम स्तर पर रैली निकाली और मोर मतदान-मोर अधिकार के नारे लगाए। विद्यालयीन विद्यार्थियों ने भी मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया। नागरिकों ने स्वयं भी शत् प्रतिशत् मनदान की शपथ ली और मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया।

# लीनेस क्लब ने शहीद दिवस के अवसर पर किए विविध आयोजन

## बापू को किया नमन, शिविर में करवाया स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



सामाजिक संगठन लीनेस क्लब भिलाई ने शहीद दिवस के अवसर पर गुरुवार को विविध आयोजन किए। सुबह क्लब की सदस्यों ने महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रेसिडेंट रीटा कुखरानिया, सेक्रेटरी माला पोपली, कार्यकारिणी सदस्य जय त्रिवेदी, कल्पना श्रीवास्तव, अर्चना मिश्रा, पूनम, आहूजा अरुण लिंगला, सुषमा गुप्ता, मंजू तिवारी और मनोरमानंद सहित तमाम सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान 2 मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के लिए बलिदान देने वाले तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। सदस्यों ने बापू के आदर्शों को याद किया और बापू के जीवन से जुड़े प्रसंग बताए। शहीद दिवस के उपलक्ष्य में लीनेस क्लब ने अपनी स्थाई गतिविधि के अंतर्गत निःशुल्क मधुमेह व रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन भिलाई तीन में डॉ. संतोष मिश्रा की क्लिनिक में किया। क्लब ने इस सुविधा के लिए डॉ. संतोष मिश्रा का आभार जताया।

# स्वच्छ भारत मिशन में अधिक से अधिक जन-भागीदारी पर जोर स्वच्छ सर्वेक्षण के लिये हुई कार्यशाला, तैयारियों में जुटी निगम

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 पर केन्द्रित करते कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर में कार्यशाला आयोजित की गई।स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की फील्ड की तैयारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन में आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों एवं उनके क्रियान्वयन के लिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों स्वच्छता कर्मियों ने आपसी अनुभव को साझा किये। इन कार्यशालाओं के माध्यम से विभागीय अमले को क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, जल प्रबंधन आदि विषयों पर जानकारी दी गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की फील्ड की तैयारियों हेतु वार्ड सुपरवाइजरों का होगा वार्डो पर पूरा नियंत्रण। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की फील्ड में तैयारियों हेतु मोतीलाल वोरा सभागार में कार्यशाला का आयोजन में आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा सर्वेक्षण के समस्त मापदंडों जैसे डोर टू डोर कलेक्शन, स्त्रोत पृथकीकरण, रोड सफाई, जी.वी.पी. विलोपन, बैकलेन सफाई आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर स्वास्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा समस्त स्वच्छता निरीक्षक/ सफाई दरोगा, वार्ड सुपरवाइजर एवं एस.एल.आर.एम. सेंटर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# शहीदों को दी गई श्रद्धांजली,गांधी जी की प्रतिमा समीप निगम कमिश्नर व अधिकारी-कर्मचारियो ने 2 मिनट का रखा मौन

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया गया।कलेक्टर / निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज नगर पालिक निगम मुख्यालय एवं हिंदी भवन के सामने महात्मा गांधी की प्रतिमा में श्रद्धांजली दी गई और उनकी स्मृति तथा सम्मान में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया गया। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहन पुरी गोस्वामी,दिनेश नेताम, आरके जैन, जितेंद्र समैया, वीपी मिश्रा, गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, सुरेश केवलानी, आरके बोरकर, थानसिंह यादव, धर्मेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, अनिल सिंह, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, शोएब अहमद के अलावा अधिकारी-कर्मचारी सहित आमजनों ने दो मिनट का मौन धारण किया।30 जनवरी को 11 बजे दो मिनट मौन धारण के दौरान अन्य कामकाज एवं गतिविधियों को भी रोका गया हैं। नगर निगम द्वारा मौन का समय शुरू होने और समाप्त होने की सूचना सायरन के माध्यम से किया गया।

# भारती विश्वविद्यालय द्वारा पीसेगांव में मतदाता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा गोदग्राम पीसेगांव में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आयोजन के अंतर्गत पीसेगांव में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों को सभी प्रकार के भय एवं प्रलोभनों से मुक्त होकर विवेकपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। जिससे ग्रामीण समाज एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास को, लोकतंत्र को मजबूत बनाते हुए, गति प्रदान की जा सके।

विदित हो कि भारती विश्वविद्यालय द्वारा गोदग्राम पीसेगांव में लंबे समय से विभिन्न महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम, ग्राम विकास बैठक, स्वच्छता एवं चिकित्सा शिविर तथा अन्य गतिविधियां ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित की जा रही हैं। इन अनवरत आयोजनों का उद्देश्य ग्रामीण समाज एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के प्रति भारती विश्वविद्यालय की सामाजिक प्रतिबद्धता एवं समर्पण को दर्शाना है। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोद ग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा स्वयंसेवक लोकेंद्र मारकंडे एवं विवेक कुमार यादव के विशेष सहयोग से किया गया।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 11-अक्टूबर-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी सनराइज एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी (ऋणी), सुचित कुमार बागे (सहऋणी), सत्यभामा बागे (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001060816945165 से नोटिस में वर्णित राशि 29,61,565/-(उनतीस लाख इकसठ हजार पांच सौ पैंसठ रुपये मात्र) कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 25 माह जनवरी वर्ष 2025 को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये 29,61,565/-(उनतीस लाख इकसठ हजार पांच सौ पैंसठ रुपये मात्र) 10-अक्टूबर-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित संपति स्थित संपति फ्रीहोल्ड - नगरपालिका के सीमा में, ख. सं. 695/1, 695/6, पी एच नं. 29, ग्राम - कुरुद, जिला - धमतरी, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 17437 वर्ग फीट, जो कि सुचित कुमार बागे के स्वामित्व में है।

दिनांक : 25 जनवरी 2025
स्थान : धमतरी, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चो के लिए आवास फाइनेंस आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| पेनूराम निशाद, श्रीमती उर्मिलाबाई निशाद, श्री तुमेश्वर कुमार निशाद, श्री केशव निशाद<br>खाता सं. LNDHM00621-220194025 | 7 जून 2023<br>₹ 1575247/-<br>5 जून 2023 | सम्पति स्थित खसरा नं. 509, पीएच नं. 17, गांव कोटारा, तहसील चारामा, जिला-कांकेर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.070 हैक्टेयर | भौतिक कब्जा दिनांक 29 जनवरी 2025 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 31-01-2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**JITF INFRALOGISTICS LIMITED**
CIN - L60231CT2008PLC016434
Regd. Office: A-11 (7), Udya Society, Sector-3, Tatibandh, Dharsiwa, Raipur- 492099, Chattisgarh
Corp. Office: Jindal ITF centre, 28, Shivaji Marg, New Delhi- 110015
JINDAL

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2024**

(₹ Lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year ended | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year ended |
| | | 31.12.2024 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 31.12.2023 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.12.2023 Unaudited | 31.03.2024 Audited | 31.12.2024 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 31.12.2023 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.12.2023 Unaudited | 31.03.2024 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 80.54 | 113.43 | 81.77 | 277.74 | 245.18 | 320.81 | 54,420.22 | 49,138.41 | 62,395.86 | 150,832.19 | 190,008.47 | 258,613.56 |
| 2 | Net Profit/(loss) before tax and share of profit/(loss) of joint venture and exceptional items | 1.26 | 16.78 | 4.27 | 24.66 | 19.21 | 22.99 | 559.73 | (1,926.98) | 2,248.48 | (253.49) | 6,037.69 | 7,308.91 |
| 3 | Net Profit/(loss) before tax and after share of profit/(loss) of joint venture and exceptional items | 1.26 | 16.78 | 4.27 | 24.66 | 19.21 | 22.99 | 865.56 | (1,919.79) | 2,253.91 | 62.68 | 6,048.04 | 9,218.58 |
| 4 | **Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional items)** | 0.39 | 12.88 | 3.19 | 18.23 | 14.37 | 17.19 | 111.35 | (2,574.83) | 919.19 | (2,500.27) | 1,783.24 | 4,703.13 |
| 5 | **Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional items) (Discontinued operation)** | - | - | - | - | - | - | 325.55 | 13,905.47 | 2,140.87 | 16,579.74 | 3,203.88 | 4,379.20 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period/year [Comprising Profit/(Loss) for the period/year (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | 0.63 | 13.12 | 3.19 | 18.94 | 14.37 | 18.14 | (243.33) | 11,741.75 | 3,087.33 | 13,899.74 | 5,027.85 | 9,641.19 |
| 7 | Paid up Equity Share Capital | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 |
| 8 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as at Balance Sheet date | | | | | | 31,528.69 | | | | | | (56,063.28) |
| 9 | Earnings Per Share (of ₹ 2/- each) (*Not annualised) | | | | | | | | | | | | |
| | **Continuing Operation** | | | | | | | | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | 0.002* | 0.05* | 0.01* | 0.07* | 0.06* | 0.07 | -4.05* | -9.35* | -0.93* | -16.5* | -8.24* | 1.00 |
| | (2) Diluted (₹) | 0.002* | 0.05* | 0.01* | 0.07* | 0.06* | 0.07 | -4.05* | -9.35* | -0.93* | -16.5* | -8.24* | 1.00 |
| | **Discontinued Operation** | | | | | | | | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | - | - | - | - | - | - | 0.95* | 40.57* | 6.25* | 48.38* | 9.35* | 12.78 |
| | (2) Diluted (₹) | - | - | - | - | - | - | 0.95* | 40.57* | 6.25* | 48.38* | 9.35* | 12.78 |
| | **Continuing & Discontinued Operation** | | | | | | | | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | 0.002* | 0.05* | 0.01* | 0.07* | 0.06* | 0.07 | -3.1* | 31.22* | 5.32* | 31.88* | 1.11* | 13.78 |
| | (2) Diluted (₹) | 0.002* | 0.05* | 0.01* | 0.07* | 0.06* | 0.07 | -3.1* | 31.22* | 5.32* | 31.88* | 1.11* | 13.78 |

**Note:**
The above is an extract of the detailed format of Standalone and Consolidated financial results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2024 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2024 are available on the websites of stock exchanges (www.nseindia.com/www.bseindia.com) and on the Company's website (www.jindalinfralogistics.com).

Scan QR code to view Results

On behalf of Board of Director of JITF Infralogistics Limited
Sd-
Amarendra Kumar Sinha
Whole Time Director
DIN : 08190565

Place : New Delhi
Date : January 30, 2025

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका रिश्ते महत्वपूर्ण मोड़

**भारत-अमेरिका** संबंध महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं क्योंकि भारत को ट्रंप की 'अमेरिका प्रथम' नीति को देखते हुए व्यापार व आप्रवास जैसे मुद्दों से निपटना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के बारे में विचार-विमर्श किया है, पर भारत-अमेरिका संबंध महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। विश्व शांति, समृद्धि तथा सुरक्षा की मोदी की प्रतिबद्धता को ट्रंप की 'अमेरिका प्रथम' नीति के साथ रख कर देखने से एक ऐसी साझेदारी सामने आती है जिसमें रणनीतिक लक्ष्यों तथा विविधतापूर्ण घरेलू प्राथमिकताओं के बीच संतुलन स्थापित करना जरूरी है। भारत और अमेरिका ने पिछले वर्षों में एक जीवन्त समग्र वैश्विक रणनीतिक साझेदारी विकसित की है जिसमें रक्षा, तकनीक, ऊर्जा व आतंकवाद-विरोध जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने जोर दिया है कि भारत अमेरिका-निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाए जो वाशिंगटन की रक्षा सहयोग गहरा करने की इच्छा प्रकट करता है। मोदी ने व्हाइट हाउस जाने की योजना बनाई है और राजनयिक विचार-विमर्श जारी है। इससे दोनों देश महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने को तैयार दिखते हैं। लेकिन यह साझेदारी द्विपक्षीय लाभ से आगे जाती है। पश्चिम एशिया में तनाव तथा यूक्रेन में जारी युद्ध समेत अनेक वैश्विक चुनौतियों पर मोदी और ट्रंप के बीच चर्चा उनके साझा हितों तथा विश्व मंच पर महत्वपूर्ण भूमिकाओं को लेकर है।



ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों को देखते हुए व्यापार एक विवादास्पद मुद्दा है। इसमें टैरिफ में संभावित वृद्धि शामिल है जो भारत के लिए चुनौती है। अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने 'न्यायोचित द्विपक्षीय व्यापार संबंध' विकसित करने पर ध्यान दिया है जिससे व्यापार असंतुलन के बारे में प्रशासन की चिन्ता स्पष्ट होती है। दूसरी ओर भारत परस्पर लाभदायक साझेदारी का विकास कर अपने आर्थिक हितों की रक्षा करना चाहता है। व्यापार संबंधी तनावों से बाहर निकलने के लिए सतर्क राजनय जरूरी होगी क्योंकि दोनों देशों का लक्ष्य अपने आर्थिक संबंधों से लाभ उठाना है। नवीकरणीय ऊर्जा तथा अंतरिक्ष खोज जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के माध्यम से निवेश, खोज एवं रोजगार सृजन को बढ़ाने की काफी संभावनायें हैं। आप्रवास भी चर्चा का एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। अवैध आप्रवासियों के खिलाफट्रंप की कठोर कार्रवाई तथा सीमा पर कठोर नियंत्रण रखने की उनकी नीति का भारत पर सीधा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि वह लैटिन अमेरिका के बाहर अनियमित आप्रवास का सबसे बड़ा स्रोत है। अमेरिका ने प्रत्यर्पण के लिए लगभग 18,000 भारतीय नागरिकों की पहचान की है, जबकि भारत ने व्यवस्थित पुष्टीकरण प्रक्रिया के साथ इस आंकड़े पर गौर किया है। इसके साथ ही भारतीय नागरिकों को मिलने वाले वीसा में विलंब ने चिन्ता पैदा की है क्योंकि भारत अमेरिका के टेक् कार्यबल में महत्वपूर्ण योगदान करने वाला देश है। इस प्रकार प्रतिभा और खोज का परस्पर लाभदायक प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए ट्रंप की घरेलू प्राथमिकताओं तथा कुशल वैश्विक कार्यबल की आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाना जरूरी होगा। भारत और अमेरिका के बीच संबंध अनेकानेक संभावनाओं से भरा है, पर उसमें कुछ चुनौतियां भी शामिल हैं। जहां अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' एजेंडा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को आत्मनिर्भर बनाने के एजेंडे के बीच कभी-कभी टकराव संभव हैं, वहीं सुरक्षा, आर्थिक विकास तथा तकनीकी प्रगति के दोनों देशों के महत्वाकांक्षी लक्ष्य सहयोग का मजबूत आधार तैयार करते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों के रूप में भारत और अमेरिका के बीच विशिष्ट अवसर उपलब्ध हैं जिनके माध्यम से वे वैश्विक चुनौतियों को संबोधित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के ट्रंप के पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में बहुत अच्छे मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। इनको देखते हुए आशा है कि भारत-अमेरिका संबंधों का और विकास होगा।

# स्वास्थ्य शिक्षा को प्राथमिकता जरूरी

भारत की 40 प्रतिशत जनसंख्या 25 वर्ष से कम आयु की है। ऐसे में देश के युवाओं का शारीरिक व मानसिक सशक्तीकरण राष्ट्र के भविष्य हेतु अनिवार्य है।



राहुल मेहरा
(लेखक, यूनेस्को से संबद्ध हैं)



केन्द्रीय बजट, 2025 निकट आने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में इससे उम्मीदें बढ़ गई हैं। इनमें शिक्षा व खासकर स्वास्थ्य शिक्षा का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए। हमारे नौजवानों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकार को स्कूल पाठ्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा को समाहित करने पर विचार करना चाहिए। ऐसी पहल से न केवल तात्कालिक आवश्यकतायें पूरी होंगी, बल्कि 'विकसित भारत 2047' का दृष्टिकोण भी साकार होगा जहां स्वस्थ जनसंख्या विकसित देश का प्रमुख आधार होगी। केन्द्रीय बजट, 2025 को अंतिम रूप देने के समय स्वास्थ्य शिक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। इसके लिए फंड आबंटित करना केवल शिक्षा सुधार न होकर भारत के भविष्य में निवेश होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति समेत बार-बार कहा गया है कि शिक्षा में निवेश बढ़ाना जरूरी है जो वर्तमान समय में 4.5 प्रतिशत है। इसे कुल बजट आबंटन का 6 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सरकार को ऐसी योजनायें बनानी चाहिए जिनमें बच्चों को शुरुआती स्तर से ही स्वास्थ्य शिक्षा देना जरूरी हो। इससे स्वस्थ समाज बनने का रास्ता साफहोगा। विकास केवल आर्थिक या तकनीकी न होकर यह सामाजिक, सांस्कृतिक और सर्वोपरि मानवीय विकास होता है। राष्ट्र की प्रगति उसकी जनता के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत की जनसंख्या का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा 25 वर्ष से कम आयु का है, इसलिए युवाओं का स्वास्थ्य और बेहतरी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

स्कूल पाठ्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा को व्यवस्थित रूप से समाहित किए बिना यह असंभव है। हमारा उद्देश्य छात्रों की स्वास्थ्य जानकारी तथा ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से उनमें स्वस्थ व्यवहार विकसित करना होना चाहिए। इस प्रकार का हस्तक्षेप परेशान करने वाले यथार्थ को देखते हुए जरूरी हो जाता है। अध्ययनों से संकेत मिलता है कि भारतीय छात्रों में 30-40 प्रतिशत गंभीर मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। 2007 में कराए एक वैश्विक स्कूल स्वास्थ्य सर्वेक्षण-जीएसएचएस से पता चला था कि 13-17 वर्ष आयुवर्ग के 25 प्रतिशत से अधिक छात्र गहरे दु:ख या निराशा का शिकार होते हैं जिससे अक्सर उनकी दैनिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। बाद वाले वर्षों में ये आंकड़े और खराब होने की आशंका है जो छोटे पैमाने के अध्ययनों तथा छात्रों में आत्महत्या की खतरनाक दर से स्पष्ट हैं। आज छात्रों की मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य स्थितियों की अनदेखी के राष्ट्र के भविष्य पर विनाशकारी प्रभाव होंगे। भारत तथा स्वास्थ्य शिक्षा को प्राथमिकता देने वाले देशों में अंतर स्पष्ट है।

अमेरिका में 'यूथ रिस्क बिहैवियर सर्वे'-वाईआरबीएस हर दो साल पर हाईस्कूल छात्रों में स्वास्थ्य व्यवहारों का सर्वेक्षण करता है। इस डेटा से प्रमाण-आधारित हस्तक्षेपों व नीतियों में सुधार का अवसर मिलता है जो मानसिक स्वास्थ्य, पदार्थों के दुरुपयोग, पोषण तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करती हैं। अनेक अमेरिकी राज्यों ने स्वास्थ्य शिक्षा को अनिवार्य बनाया है जिसमें मानसिक, शारीरिक व सामाजिक स्वास्थ्य साक्षरता शामिल हैं। इसी प्रकार ब्रिटेन और कनाडा जैसे देशों ने स्वास्थ्य शिक्षा को अपने स्कूल पाठ्यक्रमों में प्राथमिक स्तर से ही शामिल किया है।

लेकिन भारत में समग्र दृष्टिकोण का अभाव है। हालांकि, स्कूलों में शारीरिक शिक्षा पर जोर दिया जाता है, पर स्वास्थ्य शिक्षा की व्यापक अवधारणा गायब है जिसमें मानसिक व सामाजिक बेहतरी पर जोर दिया गया हो। बहु-प्रशंसित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 में केवल शारीरिक स्वास्थ्य की बात कही गई है तथा इसमें समग्र स्वास्थ्य शिक्षा ढांचे की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान नहीं दिया गया है। इसका महत्व इसलिए है क्यों स्वस्थ व्यक्ति अर्थव्यवस्था को स्वस्थ बनाने में योगदान करते हैं। खराब स्वास्थ्य से न केवल उत्पादकता घटती है, बल्कि इससे अधिक चिकित्सा खर्च के कारण परिवारों पर वित्तीय बोझ भी बढ़ता है। 'पूर्ण स्वस्थ' के रूप में भारत की औसत जीवन प्रत्याशा केवल 60 साल है जो अनेक एशियाई देशों से काफी कम है।

यह जापान में 74 वर्ष तथा चीन में 69 वर्ष है। प्रारंभिक स्तर पर ही स्वस्थ जीवनशैली का समाहित करने से यह रास्ता बदल सकता है। जापान जैसे देश इस दिशा में मूल्यवान शिक्षा देते हैं। वहां स्वच्छता, पोषण तथा शारीरिक गतिविधियों को सांस्कृतिक ढांचे में शामिल किया गया है। बच्चे इन आदतों के साथ बढ़ते हैं जिसके परिणामस्वरूप ऐसी जनसंख्या बनती है जो उत्पादक स्वास्थ्य लंबे वर्षों तक जीवन में समाहित करती है। योग और आयुर्वेद की समृद्ध परंपराओं वाले भारत में बदलाव को प्रोत्साहित करने का सामाजिक आधार मौजूद है। लेकिन स्वास्थ्य शिक्षा को संस्थाबद्ध किए बिना इनका लाभ नहीं उठाया जा सकता है। स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूलों में अनिवार्य विषय बनाने से इस खाई को पाटा जा सकता है। इसे देखते हुए एक समग्र पाठ्यक्रम तैयार किया जाना चाहिए जिसमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य दृढ़ता, पोषण, सामाजिक संवाद तथा तकनीकों के प्रयोग को शामिल किया जाए। उदाहरण के लिए, छात्रों को संतुलित भोजन के महत्व, अकादमिक दबाव सहन करने की रणनीतियों तथा शारीरिक गतिविधियों व मानसिक व्यवहारों के लाभों की जानकारी दी जा सकती है।

इस पाठ्यक्रम में व्यावहारिक जीवन कौशल जैसे निर्णय लेने, विभिन्न लोगों से संवाद तथा आत्म-प्रेरणा जैसे मामलों में छात्रों को असली दुनिया की चुनौतियों से सामना करने के लिए तैयार किया जा सकता है। इसके लिए ढांचागत दृष्टिकोण जरूरी है। पहले सरकार को एक मानक स्वास्थ्य शिक्षा पाठ्यक्रम विकसित करना चाहिए जिसमें बेंचमार्कों को स्पष्ट स्थान मिले। इसमें छात्रों की प्रगति को कक्षा 6, 8 या 10 के बाद जांचा जा सकता है। शिक्षकों को विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे प्रभावी रूप से यह पाठ्यक्रम पढ़ा सकें। संसाधनों की कमी से निपटने और खोजी समाधानों के लिए सार्वजनिक-निजी साझेदारी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है।

सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत, 2047' दृष्टिकोण से जुड़ती है। स्वस्थ भारत उत्पादक भारत होगा। युवा पीढ़ी को अपनी बेहतरी को प्राथमिकता देने वाली नीतियों से लैस कर हम न केवल व्यक्तिगत जीवनों को समृद्ध करेंगे, बल्कि राष्ट्र की मानव-पूंजी को भी समृद्ध करेंगे, आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करेंगे तथा सामाजिक खुशहाली बढ़ाएंगे। अनिवार्य स्वास्थ्य शिक्षा का प्रभाव कक्षाओं से आगे भी जाएगा और यह परिवर्तनकारी सिद्ध हो सकता है।

प्रतिरक्षात्मक देखभाल समझने वाली जनसंख्या भारत की स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था पर बोझ कम करेगी। इससे परिवार स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगे तथा समुदायों को इसका लाभ जीवनशैली-संबंधी बीमारियां, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप व हृदय रोगों के घटने के रूप में मिलेगा। विकसित भारत-2047 का रास्ता ऐसी पहलों से होकर गुजरता है जिसमें नीतियों में जनता तथा महत्वाकांक्षाओं पर कार्रवाइयों को प्राथमिकता दी जाए। स्वास्थ्य शिक्षा केवल एक विषय न होकर मजबू, स्वस्थ व ज्यादा समृद्ध भारत की नीव है।

# जलवायु परिवर्तन से निबटने में वनों की भूमिका

> ग्लोबल वार्मिंग का मुकाबला करने और आवश्यक संसाधन प्रदान करने में वनों की एक बड़ी भूमिका है जो न केवल समुदायों को बल्कि विनिर्माण और व्यापार में भी सहयोगी होते हैं।

श्वेता रावत
(लेखिका, हंस फाउंडेशन की संस्थापक व अध्यक्ष हैं)



जलवायु परिवर्तन के बढ़ने के बीच, पर्यावरण क्षरण से निपटने और जलवायु तन्यकता को बढ़ाने के लिए वनरोपण सबसे प्रभावी, प्रकृति-संचालित तरीकों में से एक बन गया है। कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने के अलावा, वन आजीविका का समर्थन करते हैं, पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करते हैं, और स्थायी समुदायों को बढ़ावा देते हैं।

ग्लोबल वार्मिंग का मुकाबला करने और आवश्यक संसाधन प्रदान करने में वनों की एक बड़ी भूमिका है जो न केवल समुदायों को बल्कि विनिर्माण और व्यापार को भी समर्थन देते हैं। हालांकि, जैसा कि शोध से पता चलता है, पिछले दो दशकों में भारत ने लगभग 414 किलो हेक्टेयर आर्द्र प्राथमिक वन खो दिया है, जो इसके कुल वृक्ष नुकसान का 18 प्रतिशत है। यह न केवल जलवायु कार्रवाई उपकरण के रूप में बल्कि सामुदायिक विकास के लिए आधारशिला के रूप में वनरोपण को प्राथमिकता देने की तत्काल आवश्यकता को उजागर करता है। जलवायु कार्रवाई और सामुदायिक तन्यकता वनों में वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को पकड़ने और संग्रहीत करने की अपार क्षमता होती है, जिससे ग्रीनहाउस प्रभाव कम होता है। 1988 में स्थापित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के अंतर-सरकारी पैनल का अनुमान है कि वैश्विक तापमान को सीमित करने के लिए आवश्यक कार्बन कटौती में पुनर्वनीकरण और वनरोपण का योगदान 30 प्रतिशत तक हो सकता है।

इसके अतिरिक्त, वन सूक्ष्म जलवायु को नियंत्रित करते हैं, शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव को कम करते हैं और कृषि के लिए महत्वपूर्ण स्थानीय मौसम पैटर्न को स्थिर करते हैं। वनरोपण मरुस्थलीकरण से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो खाद्य सुरक्षा, जल उपलब्धता और आजीविका के लिए एक बड़ा खतरा है। वन मिट्टी को स्थिर करने,



कार्बनिक पदार्थों की भरपाई करने और जल प्रतिधारण में सुधार करने में मदद करते हैं, जिससे कृषि उत्पादकता और जल पहुँच में वृद्धि होती है, विशेष रूप से पारिस्थितिक रूप से कमज़ोर क्षेत्रों में। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार, इन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और ग्रामीण समुदाय उच्च भेद्यता का सामना करते हैं, लेकिन उल्लेखनीय जलवायु लचीलापन भी प्रदर्शित करते हैं। इन समुदायों के लिए, वनरोपण एक गेम-चेंजर है क्योंकि यह पेड़ की जड़ों का उपयोग करके मिट्टी को स्थिर करके मरुस्थलीकरण को रोकने और यहाँ तक कि इसे खत्म करने में मदद कर सकता है, जिससे हवा और पानी का कटाव कम होता है। इसके अलावा, वन मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की भरपाई करने में मदद करते हैं, जिससे जल प्रतिधारण में सुधार होता है और उर्वरता बढ़ती है जिससे पर्यावरणीय उत्थान और सामाजिक-आर्थिक स्थिरता हो सकती है। समुदाय संचालित वनरोपण- एक सिद्ध मॉडल तेजी से शहरीकरण के साथ भी, भारत के संरक्षण लोकाचार में प्रकृति की रक्षा की समृद्ध विरासत है। चाहे वह 1970 के दशक का सामूहिक चिपको आंदोलन हो या भारत के वन पुरुष जादव पायेंग द्वारा ब्रह्मपुत्र के 1300 एकड़ से अधिक जंगल का प्रेरणादायक जीर्णोद्धार, किसी भी वनरोपण प्रयास की सफलता समुदाय और स्थानीय भागीदारी पर निर्भर करती है। समुदायों से व्यक्तियों और हितधारकों के इनपुट के साथ, कोई भी संरक्षण परियोजना सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक, पारिस्थितिक रूप से स्वस्थ और आर्थिक रूप से लाभदायक बनी रहती है। उदाहरण के लिए अरावली हिल्स वनरोपण परियोजना को ही एक उदाहरण के रूप में लें। 87 प्रतिशत पेड़ों के जीवित रहने की प्रभावशाली दर के साथ, इस पहल ने पर्यावरणीय बहाली को रोजगार सृजन और बेहतर आजीविका जैसे ठोस सामाजिक लाभों के साथ संतुलित किया।

यह मॉडल दर्शाता है कि स्थायी वनरोपण सहयोग, सामुदायिक सशक्तीकरण और मापनीय प्रभाव पर पनपता है। हरित भविष्य के लिए साझेदारी वनरोपण प्रयासों को बढ़ाने के लिए सहयोग महत्वपूर्ण है। सरकारों, परोपकारी संस्थाओं, गैर-लाभकारी संस्थाओं और व्यवसायों को प्रभाव बढ़ाने के लिए एकजुट होना चाहिए। उदाहरण के लिए, गैर-लाभकारी संस्थाएं जमीनी स्तर पर भागीदारी जुटा सकती हैं और सांस्कृतिक अंतर्दृष्टि ला सकती हैं। निगम स्थिरता प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हुए बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं। स्थानीय सरकारें नीति संरेखण सुनिश्चित कर सकती हैं और नियामक सहायता प्रदान कर सकती हैं। साथ में, ये हितधारक एकीकृत रणनीति बना सकते हैं जो पारिस्थितिक बहाली को सामुदायिक उत्थान के साथ जोड़ती है यह सिर्फ़ पर्यावरण समाधान नहीं है, बल्कि समग्र विकास का मार्ग है। गैर-लाभकारी संस्थाओं, व्यवसायों और समुदायों के साथ सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देकर और सरकारी पहलों के साथ प्रयासों को जोड़कर। अब कार्य करने का समय आ गया है। साझा दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के साथ, हम वनों को न केवल कार्बन सिंक के रूप में बल्कि जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में पुनर्स्थापित कर सकते हैं जो जीवन को बनाए रखते हैं और पीढ़ियों को सशक्त बनाते हैं। एक हरा-भरा, अधिक लचीला भविष्य हमारी पहुँच में है - अगर हम आज बीज बोते हैं।

## आप की बात

### मजबूत अर्थव्यवस्था हो लक्ष्य

**पिछले** 5 साल रक्षा, अंतरिक्ष, शिक्षा, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रहे है। इन क्षेत्रों में उड़ान ने यह साबित कर दिया है कि भारत अपने बलबूते पर वैश्विक मंच पर खड़ा होने में सक्षम है।अब भारत का लक्ष्य विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने पर केंद्रित होना चाहिए क्योंकि आर्थिक मजबूती के बल पर ही आज दुनियां में चीन की धाक जमी हुई है। ऐसे में जरूरी यह हो जाता है कि भारत ट्रंप की कृपा की बजाय अपने बलबूते पर आर्थिक रूप से मजबूत होकर उभरे। वाकई ट्रंप के निर्णय का कोई भरोसा नहीं है वह कब क्या रियायत किस शर्त के साथ दे दे कहा नहीं जा सकता।2014 के बाद हमारी दिशा और दशा सुधारी तो कोरोना काल में देश ने दुनियां को महामारी से बचने/बचाने का रुतबा दिखाया। खुद अमेरिका पेरासिटामोल के लिए भारत के आगे गुहार लगाता रहा। नि:संदेह बीते 11 साल देश की उन्नति की शुरूआती पायदान कही सकती हैं। मोदी सरकार जिन संकल्पों को आगे लेकर बढ़ी है वह धीरे-धीरे सरकार होने लगे हैं बस अब जरूरत अर्थव्यवस्था को रडार पर लाने की है। अर्थ की सुगमता हमारी व्यवस्था को आसानी से तीसरा दर्जा दिला सकती है। सरकार अमेरिका ही नही किसी और के भी भरोसे की बजाय माकुल अर्थव्यवस्था के अनुकूल खजाने तलाशें।

- **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### प्रयागराज में हादसा

**अकसर** देखा गया है कि धर्म स्थलों/प्रवचन स्थलों पर श्रद्धालुओं की अचानक भीड़ बढ़ जाने पर व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं. जिसपर किसी का वश नहीं रह पाता। प्रयागराज कुम्भ में भी सबकुछ अभी तक ठीक चल रहा था कि मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में स्नान से पुण्य पाने हेतु इतनी भीड़ उमड़ी की रेलिंग टूट गई और श्रद्धालू एक-दूसरे पर गिरते-पड़ते ऐसे चढ़े की बहुत से भीड़ में दब गए और उनमें 11 लोगों की दुखद मौत हो गई व अनेक घायल हो गए। एम्बुलेंस से घायलों को इलाज हेतु अस्पतालों में भेजा गया व मृतकों को मर्च्युरी में पहचान हेतु रखा गया. संतों ने भी वेदना व्यक्त की व बढ़ती भीड़ के कारण उन्होंने अपने स्नान को रोका. प्रशासन ने भी प्रयागराज व मेला स्थल पर आने से बाहर ही रोक दिया. पैरामिलिट्री व सेना ने राहत कार्यों हेतु मोर्चा सम्भाला। विपक्ष ने इस पर भी राजनीति शुरू कर दी और प्रशासनिक व्यवस्था को दोषी ठहराया। बेहिसाब श्रद्धालुओं के हुजूम की संभावनाओं के मद्देनजर प्रशासनिक व्यवस्थाएं अवश्य चाक-चौबंद होनी चाहिए। वीवीआईपी भी मुख्य स्नान के वक्त जयादा जाएं, श्रद्धालुओं को भी संयम रखना चाहिए तभी श्रद्धा के पर्व का सुखमय आनंद लिया जा सकता है और पुण्य कमाया जा सकता है. श्रद्धालुओं की दुखद दिवंगतता हृदयविदारक है. अब किसी तरह की कोई प्रशासनिक भूल न हो और आगे भी व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### उत्तराखंड की पहल

**उत्तराखंड** देश का पहला राज्य बन गया है जहां यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू कर दिया गया है। इसे लेकर कई तरह के संकाए उठ रहे हैं, जिनका निर्माण समय के साथ होता जाएगा। यूसीसी के लागू होने से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले लोग वे हैं जो लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। इन लोगों को लगता है कि यूसीसी उनकी निजी जिंदगी में दखलअंदाजी करेगा और उनके अधिकारों का हनन करेगा। विशेष रूप से, लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों को लगता है कि यूसीसी उनके संबंधों को मान्यता नहीं देगा और उन्हें अपने साथी के साथ रहने के लिए शादी करनी होगी। इससे उन्हें लगता है कि उनकी निजी जिंदगी में दखलअंदाजी की जा रही है और उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इसके अलावा, कुछ लोगों को लगता है कि यूसीसी में धार्मिक बढ़ाएं हैं। उन्हें लगता है कि यूसीसी के माध्यम से सरकार धार्मिक आधार पर लोगों को विभाजित करने की कोशिश कर रही है। इससे उन्हें लगता है कि यूसीसी के लागू होने से देश में धार्मिक असहिष्णुता बढ़ सकती है। हालांकि, सरकार का कहना है कि यूसीसी का मकसद लोगों को धार्मिक आधार पर विभाजित करना नहीं है, बल्कि यह एक समान नागरिक संहिता को लागू करना है जो सभी नागरिकों के लिए समान हो।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### गंगा स्नान से लाभ

**कुंभ** नगरी में संगम के निकट घनत्व से ज्यादा जन सैलाब का पहुंचना दर्शाता है कि पवित्र घाटों तक पहुंच कर गंगा स्नान करना हर किसी की प्राथमिकता होती है। कुंभ मेले की उपयोगिता, लोकप्रियता को देश विदेश में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो गई है। सनातन धर्मावलंबियों के लिए इससे बड़ा वैश्विक आयोजन अभी तक नहीं देखा सुना गया था। जिसमें इतने विराट रूप में लोगों ने गंगाजल में डुबकी लगाने के लिए वहां जाना , पुण्य कमाना पाप घटाना अपना कर्तव्य समझा । मेले की गरिमा को भंग करने का दुष्प्रयास भी हुआ है। हाल में अचानक आई भगदड़ से कुछ लोगों का मारा जाना दुखद है । पीड़ित परिजनों के लिए बड़े चिंता का विषय है। इन सब के होते हुए भी मोदी योगी सरकार ने विशेष प्रशासनिक व्यवस्था करके आयोजन को सफल बनाने एवं श्रद्धालुओं के सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अफवाह का प्रचार प्रसार न्यूनतम करके, पुलिस , प्रशासन एवं पब्लिक के सहयोग से अहंकार का प्रदर्शन ना करके गंगा स्नान से धार्मिक आध्यात्मिक लाभ ले सकते हैं।

- **युगल किशोर शर्मा**, फरीदाबाद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# निषाद समाज की नेत्री और महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष धनेश्वरी निषाद भाजपा में शामिल

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





निषाद समाज की नेत्री और महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष धनेश्वरी निषाद ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया है। धनेश्वरी निषाद, जो कांग्रेस पार्टी से जनभागीदारी समिति की सदस्य भी थी,उन्होंने भाजपा के कार्यों और उनकी नीतियों से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया। निषाद वार्ड क्रमांक 04 में वर्षो से महिला उत्थान का कार्य कर रही है। इनके साथ ही पूर्णिमा साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज, शैलेन्द्र ठाकुर, जमुना यादव, मालती नेताम, सीमा कन्नौजिया, झमित निषाद, राधिका यादव ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।भाजपा में शामिल होने के बाद धनेश्वरी निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समाज के हर वर्ग, विशेषकर पिछड़े और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों से वे प्रेरित हुईं। भाजपा की जनकल्याणकारी योजना और निषाद समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। भाजपा से वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद प्रत्याशी संजीव सिंह ने धनेश्वरी निषाद का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि उनके जैसे प्रभावशाली और सक्रिय नेताओं के जुड़ने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। धनेश्वरी निषाद ने पार्टी की विचारधारा के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की और कहा कि वे समाज के विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भाजपा के मंच से कार्य करेंगी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, अध्यक्ष प्रत्याशी तोरण लाल साहू, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शीतल नायक, सौरभ लुनिया, नागेंद्र चौधरी, मंडल महामंत्री रमेश गुजर, मनोज दुबे, प्रमिला परकार, विजय किशोर, नवल, प्रमिला, शंकर, जानकी, सोनिया सिंग दमनदीप सिंह, राजकुमार गुप्ता, श्रीजीत, प्रणव एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# विधायक ललित चंद्राकर ने भाजपा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन हाईस्कूल बाजार चौक उतई में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने फीता काटकर किया। साथ ही कार्यालय में चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान एवं संगठन की भूमिका पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आप सभी को केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर लेकर जाना है। भाजपा के पक्ष में वोट मांगना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य सामने रखा है। इसी के अनुरूप हम भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे है। पिछले एक साल में विष्णु देव सायं सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है। इस साल छत्तीसगढ़ में धान की फसल अच्छी हुई है। 3100 रुपए क्विंटल के दाम से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है। इस साल किसान भाइयों के घरों में रिकॉर्ड पैसा आने वाला है। अभी किसान भाइयों को धान के समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा है, शीघ्र ही उनके खातों में अंतर की राशि भी भेज दी जाएगी। हमारी सरकार राज्य के गरीब परिवारों को पांच साल तक निःशुल्क राशन उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर को हमने चार हजार रूपये से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया है। चंद्राकर ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी आवासहीन पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। हमने सरकार के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन प्रदेश के आवासहीनों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के लिए 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना की घोषणा की है। उन्होंने अगले वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ को 4 लाख नए आवास के लिए सहमति दी है। उन्होंने कहा नये सर्वे में अब हितग्राहियों की मासिक आय सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित भूमि या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी अब इस योजना के तहत पात्र होंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, नवीन पवार, चुनाव प्रभारी मनोज सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी सरस्वती नरेन्द्र साहू, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, चंदू देवांगन, शशिकांत वर्मा, विनोद हेड़ाऊ, टिकेश्वरी साहू, नरेन्द्र साहू, तुलुराम साहू, भूखन पटेल, ओपी चंद्राकर, ममता चंद्राकर, चेतन साहू, हुबलाल चंद्राकार, दीपक चंद्राकर, सुनीता वर्मा, रूपेश पारख, प्रवीण यदु, ममता चंद्राकर, विमला कामड़े, रंजना चंद्राकर, हिमांशु साहू, सुनीता चंद्राकर, राधा धीवर, एकता चंद्राकर, चेतन लाल साहू, चन्दकुमार साहू, बृजमोहन साहू, दानेश्वरी देशमुख, शीतल रात्रे, वैभव देवांगन, पार्षद प्रत्याशी मोतीम ठाकुर, सोमेन्द्र सोनू राजपूत, गुलशन वर्मा, लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश चंद्राकर, लता सोनवानी, भीमसेन सिन्हा, तेजबाई सिन्हा, चेतन सिन्हा, खूबीराम साहू, नारायण देशमुख, अनीता गढे, गीतेश कुमार ठाकुर, संगीता रजक, सुनीता चंद्राकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महात्मा गॉंधी की पुण्यतिथि पर मनाया गया कुष्ठ रोग उन्मूलन सेवा दिवस

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन सेवा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डा.जय चुनारकर ने कुष्ठ रोग के लक्षण को बताया, चमडी पर कोई दाग जो सुन्नपन हो, जो घाव ठीक नहीं हो रहा हो, चमडी पर तेलिया तामिया चमक हो, कान में मोटापन हो,हाथ पैर में झुनझुनी सुन्नपन हो, आंखों के पलक बंद न हो। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने हम सब ने ठाना है, कुष्ठ रोग मिटाना है की शपथ दिलाया। आयोजन में सरिता पटेल, घनश्याम, धनराज साहू, जया, लता यादव, आशा सोनी, करुणा सोनकुंवर, सीमा तिवारी, हेमीन साहू, संजय यादव, संजय ठाकुर, रश्मि ठाकुर, प्रिती डेविड, सारु पिस्दा, उपस्थित थे।

## अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि आज

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 कार्य के अंतर्गत नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष तथा पार्षद पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा अपने अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी को निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु अपने अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी शुक्रवार 31 जनवरी को दोपहर 03 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके साथ ही शुक्रवार 31 जनवरी को रिटर्निंग आफिसरों के द्वारा अभ्यर्थियों की सूची तैयार, प्रकाशन एवं प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा।

## नगरीय निकाय मे ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को पंचायत चुनाव से पृथक रखने की मांग



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

नवीन शिक्षक संघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष संजीव मानिकपुरी ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मुलाक़ात कर नगरीय निकाय मे मतदान दल मे 11 फरवरी को निर्वाचन ड्यूटी लगने वाले कर्मचारियों के समस्या को देखते हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव से पृथक रख कर अन्य कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी मे कार्य करने हेतु निर्देशित करने की मांग किया है। नगरीय निकाय मे मतदान ड्यूटी के लिए 10 फरवरी को सुबह अपने घर से निकलकर 11 फरवरी को देर शाम - रात को अपने घर वापसी पश्चात पुनः कई मतदान दल कर्मियों को पंचायत चुनाव के प्रशिक्षण के लिए दुर्ग जाना पड़ेगा। फिर चुनाव कार्य सम्पन्न करने हेतु पुनः दुर्ग जाना पड़ेगा। जिससे नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को लगातार दो बार चुनाव ड्यूटी करने से निजात मिल सके। साथ ही कई मतदान कर्मियों का ड्यूटी दो नगरीय निकाय मे लगा दिया गया है। ऐसे मतदान कर्मियों का निर्वाचन ड्यूटी एक ही नगरीय निकाय मे करने हेतु संशोधित आदेश जारी किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव गिरीश साहू, जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, दुर्ग ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू, विजयशंकर डहरिया, प्रताप धनकर, रितेश जोशी, लक्ष्मीकांत नागवंशी, हरिशंकर साहू, मनोज वर्मा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# महिला की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



ग्राम नर्राटोला थाना डौण्डी की निवासी कु. धनेश्वरी यादव पिता संतराम यादव उम्र 21 वर्ष का शव उसके घर के अंदर कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिला। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को हालात से अवगत कराकर थाना डौण्डी व साइबर सेल की टीम घटना स्थल हेतु रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर घटनास्थल को सुरक्षित करने पश्चात पुलिस डॉग स्क्वॉड एवं एफएस.एल. वैज्ञानिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। सभी दलों के आने एवं शव पंचनामा उपरांत घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया । विशेषज्ञों के राय उपरांत प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने से थाना डौण्डी में मर्ग क्रमांक 04/2025 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर प्रकरण में अपराध क्रमांक 15/2025 धारा 103, 331(8) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद एस.आर.भगत के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, के पर्यवेक्षण में नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा डॉ.चित्रा वर्मा के नेतृत्व में थाना डौण्डी व सायबर सेल की विशेष टीम गठित किया गया। इस टीम को विवेचना क्रम में ज्ञात हुआ कि मृतिका कु.धनेश्वरी यादव के घर संदेही आगेश्वर साहू पिता डेरहाराम साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम नर्राटोला थाना डौण्डी का आना-जाना बना रहता था। घटना दिनांक को मृतिका के पिता संतराम यादव द्वारा अपने घर पर अपने साला व अन्य रिश्तेदारों का रात्रिभोज का कार्यक्रम रखा था, जिसमें मदद हेतु संतराम द्वारा संदेही आगेश्वर साहू को फोन कर घर बुलाया गया था। आगेश्वर साहू की मोटर सायकल से संतराम व साला हलधर यादव डौण्डी खाना बनाने हेतु सामान लेने गये थे। जहां तीनों ने चिकन खरीदने के बाद शराब दुकान से शराब खरीदकर तीनों ने शराब का सेवन वहीं शराब दुकान के पास किये, बचे हुये शराब को अन्य रिश्तेदारों के लिये ग्राम नर्राटोला लेकर आयें, रात्रि में सभी ने शराब का सेवन किया। बाद सभी ने मिलकर घर पर रात्रि भोज किया। भोजन पश्चात संतराम के मेहमान ग्राम चिखली के लिये निकल गये। आगेश्वर साहू जिसने अत्यधिक मात्रा में शराब सेवन किया था मृतिका के घर कुछ देर तक आग तापने के बहाने रूका हुआ था, इसी बीच वह मृतिका पर बुरी नजर रख रहा था। मृतिका की मां पिंगला बाई को आगेश्वर कुमार साहू की बुरी नीयत पर संदेह होने से उसे घर जाने के लिए कहा गया। फिर भी वह कुछ देर और रूकने के बाद अपने घर चला गया। रात्रि में करीबन 12 से 01 बजे के मध्य मृतिका के पास आने के लिए चुपके से अपने घर से निकल कर मृतिका के घर के पीछे बाड़ी का पर्दा से लांघकर घर में प्रवेश किया। घर में प्रवेश करते ही माता-पिता के व बड़े भाई खिलेश्वर के कमरे के दरवाजे की कुंडी को बाहर से लगाकर मृतिका के कमरे का दरवाजा को जोर से धकेला धकेलने से मृतिका के कमरे का दरवाजा खुल गया खुलने पर कमरे में दाखिल होकर उससे जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने हेतु दबाव बनाने लगा जिसका मृतिका द्वारा विरोध करने एवं चिल्लाकर माता पिता व भाई को बुलाने की धमकी देने पर आरोपी द्वारा मृतिका का गला दबाकर हत्या कर दिया गया। घटना कारित करने के बाद घर से निकलने के पूर्व घर के बाहर का मुख्य लाईट को बंद किया ताकि कोई उसे देख न सके व दबे पांव वहां से भागकर अपने घर चला गया। विवेचना पश्चात् संदेह के आधार पर पड़ोसी आगेश्वर साहू पिता डेरहाराम साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम नर्राटोला थाना डौण्डी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगा, जिससे शक की सुई आगेश्वर साहू पर आकर रूक गई, जिससे हिकमतअमली से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। अपराध सबूत पाये जाने पर दिनांक 30.01.2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

## ज्योति करमाकर ने निनवा स्कूल में बच्चों को वितरित किये निःशुल्क कॉपी और पेन



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निनवा के शिक्षक कृष्ण कुमार करमाकर और उनकी धर्मपत्नी ज्योति करमाकर के द्वारा निःशुल्क कॉपी पेन वितरित किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निनवा के शिक्षक कृष्ण कुमार करमाकर और उनकी धर्मपत्नी ज्योति करमाकर के द्वारा मौनी अमावस्या, महाकुंभ शाही स्नान के अवसर एवं पूज्य पितास्व. मंगल राम करमाकर की स्मृति में प्राथमिक शाला निनवा, प्राथमिक शाला साँवतपुर, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल निनवा में आज उपस्थित हुए लगभग 500 छात्र-छात्राओं को निः शुल्क एक कॉपी और एक पेन प्रदान करके प्रेरणास्पद एवं सराहनीय कार्य किया। जो अत्यंत ही अनुकरणीय व प्रशंसनीय है। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य सुनीता तिवारी, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, प्रधान पाठक राजकुमार पाटिल, प्र.पा. सुजाता पाण्डेय, सरिता मानिकपुरी, भागीरथी साहू, बृजराज यादव खिलावन दास मृचन्डे एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित थे। समस्त शाला परिवार उनका आभार व्यक्त करता है।

# ईवीएम का प्रदर्शन, निष्पक्ष निर्वाचन का दिया गया भरोसा




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का पत्रकारों के समक्ष प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने ईवीएम की कार्यप्रणाली और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी।

### ईवीएम में नहीं निकलेगी पर्ची

उन्होंने बताया कि यह ईवीएम अन्य चुनावों में इस्तेमाल होने वाली मशीन से अलग है, इसमें वोट डालने के बाद पर्ची नहीं निकलती। एक ईवीएम में अधिकतम 13 उम्मीदवारों और एक नोटा (नोटा) के लिए विकल्प है । यदि उम्मीदवारों की संख्या 13 से अधिक होती है, तो अतिरिक्त ईवीएम जोड़ी जाएगी, हालांकि वर्तमान स्थिति में इसकी आवश्यकता नहीं होगी।

### निष्पक्ष चुनाव का भरोसा

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि ईवीएम के माध्यम से पूरी निष्पक्षता के साथ चुनाव कराए जाएंगे। पत्रकारों को ईवीएम के डेमोंस्ट्रेशन के दौरान मशीन के संचालन की जानकारी दी गई, ताकि वे इसे बेहतर तरीके से समझ सकें। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से कराए जाएंगे।

### ईवीएम से होगा अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए मतदान

कलेक्टर शर्मा ने बताया कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षदों के लिए ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। मतदाता को दोनों पदों के लिए अलग-अलग बटन दबाने होंगे। पहले बटन दबाने पर हल्की वीप और दूसरे बटन दबाने पर लंबी वीप की आवाज आएगी, जो यह संकेत देगी कि मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मत डालने के बाद ईवीएम का एंड बटन नहीं दबाना है।

### मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि निष्पक्ष निर्वाचन कराने और निर्वाचन संबंधी सही जानकारी जनता तक पहुँचाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने पत्रकारों की शंकाओं का समाधान किया और ईवीएम से मतदान प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग,,जिला निर्वाचन से जुड़े अधिकारी, और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर शर्मा ने बताया कि जिले के नगरपालिका बेमेतरा, नगर पंचायत नवागढ़, साजा, थानखम्हरिया, देवकर, कुसमी, बेरला, भिंभौरी, परपोड़ी एवं दाढ़ी के आम निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज के अन्तर्गत् समाचार पत्र, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, इंटरनेट, सोशल मीडिया इत्यादि में प्रकाशित प्रसारित होने वाले समाचार तथ्यों की सूक्ष्मता से जाँच तथा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार सामाग्रियों विज्ञापन के प्रसारण पूर्व प्रमाणन हेतु जिला स्तर पर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है ।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण: प्रक्रियाएं और उपकरणों की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान अधिकारियों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या विद्यालय, शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, तथा शासकीय बालक विद्यालय, बेमेतरा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मतदान अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि मतदान दल के कर्मियों की भूमिका चुनाव प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अधिकारियों से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण के दौरान दी गई सभी जानकारियों को ध्यान से सुनने और अमल में लाने का आग्रह किया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मतपेटी (बैलट बॉक्स) को खोलने और लॉक करने की प्रक्रिया सिखाई गई। अधिकारियों को यह बताया गया कि किस प्रकार मतपेटियों को सुरक्षित तरीके से सील करना है ताकि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मतदान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मतदान के दौरान आने वाली किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या को हल करने के लिए सतर्क रहें और दिए गए निर्देशों का पालन करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को मतदान प्रक्रिया के सभी आवश्यक चरणों, जैसे मतदाता सूची का सत्यापन, मतपत्र वितरण, मतदान समाप्ति के बाद मतपेटी को सुरक्षित करना और मतगणना प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर शर्मा ने मतदान प्रक्रिया के दौरान आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे मतदान के दौरान होने वाली समस्याओं और उनके प्रभावी समाधान पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में उपयोग होने वाले मतपेटियों को खोलने और लॉक करने की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे निर्वाचन कार्य में पूरी तन्मयता और उत्साह के साथ भाग लें। शर्मा ने कहा कि मतदान अधिकारी चुनावी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, और उनकी कार्यकुशलता, निष्पक्षता और सजगता ही शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करती है। शर्मा ने बताया कि मतदान अधिकारी को मतदान प्रक्रिया का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए ताकि वे कठिन परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। इसके साथ ही वे अपने सहयोगी कर्मचारियों का भी मार्गदर्शन कर सकें। कलेक्टर ने खुद प्रशिक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण किया, प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स से सवाल पूछे और उन्हें महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग, सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रंद्धाजलि



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

नगर कांग्रेस कमेटी उतई के तत्वावधान में गुरुवार को राष्टपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रंद्धाजली दी गई। इसके अलावा देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले अन्य शहीदों को भी याद किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की नाथूराम गोडसे द्वारा हत्या कर दी गई थी। गांधी के आंदोलन से ही हमे आजादी मिली है। इसलिए इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। कार्य म में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादूर नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी हीरादेवी वर्मा, पार्षद प्रहलाद वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी भीष्म हिरवानी, सुनीति साहू, द्वारिका साहू, तोषण साहू सहित नागरिक उपस्थित थे।

# आशिहरा कराटे छत्तीसगढ़ ने किया राज्य का नाम रोशन, जिला कराटे संघ शक्ति की टीम ने अलग-अलग वर्गों में हासिल की बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com




आशिहारा कराटे इंटरनेशनल एवं वर्ल्ड सबाकी फैडरेशन के द्वारा आयोजित ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप 2025 मुम्बई में आशिहारा कराटे छत्तीसगढ़ के प्रमुख शिबुचो स्नेहसिस डे (अध्यक्ष ज़िला कराटे संघ सक्ती) के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में कराटे टीम ने अलग-अलग वर्गों काता, कुमिते में शानदार प्रदर्शन कर कुल 20 मेडल प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक में तृतीय स्थान बनाने में सफल रहे। जिसमें कुन्तला यादव ने 2 गोल्ड मेडल, प्रिया चक्रचारी ने 2 गोल्ड मेडल, मनीष सिदार 1 गोल्ड मेडल, माही साहू 1 गोल्ड एवं 1 ब्राऊन्स मेडल, ग्रन्ध राठौर 1 गोल्ड एवं 1 सिल्वर मेडल, मासूमा साहू 2 सिल्वर मेडल, डींकी यादव 1 सिल्वर मेडल, सरिता पटेल 1 सिल्वर एवं 1 ब्राऊन्स मेडल, आकांक्षा पटेल 1 सिल्वर एवं 1 ब्राऊन्स मेडल, माइक यादव 2 ब्राऊन्स मेडल, वैष्णवी यादव 2 ब्राऊन्स मेडल प्राप्त कर अपने अपने माता-पिता, गुरुजन, गांव-शहर एवं राज्य का नाम रोशन किया। सभी कराटे गर्ल खिलाड़ी को पिछले साल रानी लक्ष्मी बाई आत्मसुरक्षा योजना के अंतर्गत ज़िला कराटे संघ सक्ती के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था एवं बालिका आत्मसुरक्षा को ध्यान में रख कर ज़िला कराटे संघ सक्ती के द्वारा बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता हैं एवं बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिए दक्ष बनाने के उद्देश्य के लिए प्रति वर्ष ज़िला कराटे संघ सक्ती के द्वारा राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ट्रेंनिंग कैंप का आयोजन किया जाता है। ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप 2025 मुंबई में छत्तीसगढ़ की नाम रोशन करने एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सेन्सेई एम. विकास देवांगन (उपाध्यक्ष ज़िला कराटे संघ सक्ती), सेन्सेई पुतुल डे (सचिव ज़िला कराटे संघ सक्ती), सेन्सेई मनीराम यादव (कोषाध्यक्ष ज़िला कराटे संघ सक्ती), सेन्सेई राजेश यादव (सह सचिव ज़िला कराटे संघ सक्ती), सेम्पाई विमल बेरा (सदस्य ज़िला कराटे संघ सक्ती),सेम्पाई रविन्द्र यादव (सदस्य ज़िला कराटे संघ सक्ती) एवं संघ के सभी सदस्यों के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया एवं सभी खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# कलेक्टर रोहित व्यास ने निर्माण एजेंसियों की ली समीक्षा बैठक

## पीएम जनमन योजना के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों द्वारा प्रगतिगत कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों से विभागवार उनके द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय कार्यों के प्रगति की जानकारी निरन्तर अपडेट करने के को कहा। कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग व सेतु विभाग को आगामी 4 सालों की कार्ययोजना बना कर प्रस्तुत करने को कहा, ताकि शहरी इलाकों के साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों का विकास बेहतर तरीके से हो सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत किए जा रहे कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए इस योजना के कार्यों को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के तहत जनजातीय क्षेत्रों में सर्वे कार्य कराने को कहा, ताकि इन क्षेत्रों के विकास हेतु कार्ययोजना बनाने के साथ ही वास्तविक हितग्राहियों को इस अभियान के तहत लाभान्वित किया जा सके।

## शिक्षा सत्र 2024-25 में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पंजीयन 1 फरवरी से प्रारंभ

**जशपुरनगर।** आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति की पात्रता रखते हैं को सूचित किया है कि शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन, प्रस्ताव एवं स्वीकृति वर्ष 2024-25 हेतु तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन एवं नवीनीकरण 01 फरवरी 2025 से 17 फरवरी 2025 तक है। इसी तरह ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 01 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक, आर्डर लॉक करने हेतु 01 फरवरी 2025 से 20 मार्च 2025 तक होगी।

# कलेक्टर ने जिला ग्रंथालय का किया निरीक्षण, बच्चों के लिए अच्छी वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला मुख्यालय स्थित जिला ग्रंथालय का निरीक्षण किया और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को पढ़ने के लिए अच्छी गुणवत्ता के टेबल और कुर्सी की व्यवस्था के साथ ही अच्छी वाई-फाई की सुविधा देने के लिए शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किए हैं। ग्रन्थालय में साफ -सफाई और रंग-रोगन करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लाइब्रेरी में अच्छी लाइट, खिड़की दरवाजों और शौचालय के नल को ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रन्थालय परिसर और शौचालय की नियमित साफ-सफाई करने के लिए कहा है। इस दौरान लाइब्रेरी के छत का अवलोकन कर अनावश्यक पेड़ की डालियों को कटिंग करवाने के निर्देश है। ताकि पानी निकासी में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाएं। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# लोक कला केन्द्र खोलने के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## कलेक्टर ने बरटोली स्थित सद्भाव मंडप भवन का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने जशपुर के बरटोली स्थित सदभाव मंडप भवन का निरीक्षण की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जशपुर में बच्चों के लिए लोक कला केन्द्र खोलने के लिए संभावित जगह का चिन्हांकन करने के लिए कहा है। ताकि इच्छुक बच्चों को विभिन्न संगीत, कला और नृत्य का अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोक कला केन्द्र के लिए उपयुक्त जगह की चयन किया जाए। जहां बच्चों को लोक कला, विभिन्न वाद्य यंत्रों, संगीत नृत्य में प्रशिक्षण दिया जा सके। जिससे बच्चों को विभिन्न कला के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय और डां आनंद पांडे अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। लोक कला और संगीत भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का अहम हिस्सा हैं। ये विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों की पारंपरिक कला और संगीत शैलियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोक कला में चित्रकला, विभिन्न लोक संगीत में गायन, वादन और नृत्य की शैलियाँ होती हैं जो एक समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को व्यक्त करती हैं। उदाहरण के लिए, भारत में विभिन्न क्षेत्रों के लोक संगीत शैलियाँ जैसे लोक संगीत, लोक नृत्य संगीत बहुत प्रसिद्ध हैं। लोक कला और संगीत दोनों ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सदियों से हस्तांतरण होते रहे हैं, और ये हमारे सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# सक्ती के देवांगन युवा संगठन द्वारा निकाली गई कुलदेवी माता परमेश्वरी देवी की भव्य कलश यात्रा

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शक्ति के देवांगन युवा संगठन ने बसंत पंचमी के पावन मौके पर देवांगन समाज की कुलदेवी माता परमेश्वरी देवी महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया है, तथा इस अवसर पर 29 जनवरी को कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो की अखराभाटा से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए महामाया मंदिर पहुंची, जहां पूजा अर्चना की गई तथा इस कलश यात्रा में देवांगन समाज के बंधु पीला वस्त्र धारण किए हुए थे एवं इस कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु महिलाएं एवं पुरुष वर्ग शामिल हुए तथा देवांगन युवा संगठन द्वारा छह दिवसीय परमेश्वरी महोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जो की अखराभाटा में 5 दिन तक कथा पुराण एवं अंतिम समापन दिवस विशाल शोभा यात्रा के साथ माता परमेश्वरी देवी जी की विदाई की जाएगी एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज बंधु जुटे हुए हैं, देवांगन समाज के गोविंद देवांगन ने बताया कि माता परमेश्वरी देवी की कृपा से देवांगन समाज आज एक समृद्ध शाली समाज के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं एवं समाज बंधु माता रानी की कृपा से जहां सेवा के कामों में भी अग्रणी रहते हैं तो वहीं इस समाज ने प्रदेश सहित शक्ति जिले में एक प्रतिष्ठित समाज के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संस्कार सेंट्रल स्कूल में विशेष आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

संस्कार सेंट्रल स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जैजैपुर के बीएमओ, डॉक्टरों और अन्य स्टाफ द्वारा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के महत्व को समझाना, उनकी शिक्षा, अधिकार और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना है। यह दिन बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने का संदेश देता है। इस अवसर पर स्कूल में विशेष चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इसके साथ ही बीएमओ और डॉक्टरों ने बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण पर जागरूकता भाषण भी दिया। संस्कार सेंट्रल स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं, बल्कि समाज को भी सकारात्मक संदेश देते हैं। स्कूल में इस प्रकार की गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं, जो छात्रों और समाज दोनों के लिए लाभकारी हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गोरिया एवं नारायणपुर में बिहान की दीदियों ने निकाली जागरूकता रैली

- मानव श्रृंखला, रंगोली और मेहंदी लगाकर मतदान हमारा अधिकार है, संदेश के साथ मतदान करने किया प्रेरित




पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विगत दिवस कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत गोरिया एवं ग्राम पंचायत नारायणपुर में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से आम नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत गोरिया में बिहान की दीदियों के द्वारा रैली निकालकर मानव श्रृंखला, रंगोली और मेहंदी लगाकर मतदान हमारा अधिकार है, मतदान अवश्य करें संदेश के साथ आम जनता को जागरूक किया गया। साथ ही दीवार लेखन व डोर टू डोर जाकर मतदान करने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार संकल्प संकुल संगठन नारायणपुर में बिहान की दीदियो के द्वारा रंगोली, मेहंदी एवं रैली के माध्यम से नारायणपुर बाजार, एवं बस स्टैंड में मतदान हेतु प्रचार प्रसार किया गया।

# शहीदों की स्मृति में शासकीय कार्यालयों में किया गया 2 मिनट का मौन धारण

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में आज 30 जनवरी को जशपुर जिला कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर नमन किया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर रोहित व्यास के साथ कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समय 11.00 बजे 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों याद किया।

# प्रेक्षक ने किया अंतर्राज्यीय जांच नाका का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रेक्षक लोकेश कुमार ने स्ट्रांग रूम, विभिन्न मतदान केंद्रों और रामानुजगंज स्थित अंतर्राज्यीय जांच नाका का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक प्रबंधों की विस्तार से जानकारी ली। प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का अवलोकन करते हुए ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में 24 घंटे कड़ी सुरक्षा बनी रहे और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सक्रिय रूप से जारी रहे। साथ ही उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर वहां की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, रैंप (दिव्यांग मतदाताओं के लिए), बिजली और पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाए। रामानुजगंज में स्थित अंतर्राज्यीय-बैरियर का निरीक्षण करते हुए प्रेक्षक ने चुनावी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की सख्ती से जांच की जाए और किसी भी अवैध गतिविधि पर त्वरित कार्यवाही करें। प्रेक्षक ने बलरामपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया,मतपत्र लेखा और मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अनुविभागीय अधिकारीयो में अमित श्रीवास्तव, देवेन्द्र प्रधान, तहसीलदार मनोज पैकरा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नई दिल्ली में आयोजित है 5 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, राज्य के विभिन्न जिलों के 14 किकबाकसर और 3 आफिशियल टीम में शामिल

# इंडियन ओपन इंटरनेशनल किकबाक्सिंग प्रतियोगिता हेतु राज्य की टीम रवाना

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com








सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा के 5 खिलाड़ी दिखाएंगे दावपेंच। वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में नई दिल्ली में के डी जाधव इनडोर स्टेडियम में दिनांक 1 से 5 फरवरी 2025 तक वाको इंडिया ओपन इंटरनेशनल की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में देश विदेश से लगभग 600 से अधिक खिलाड़ी एवं ऑफिसियल हिस्सा लेंगे। छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा , कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले राज्य के खिलाड़ियों का चयन पूर्व में आयोजित किकबाक्सिंग प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इन्होंने बताया कि में उक्त अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में राज्य के 14 महिला पुरुष खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गो में भाग लेंगे। इन्होंने बताया कि राज्य की टीम में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली, बलौदा बाजार, धमतरी, रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों से अमन सोनी, संदीप यादव, सागर तुर्कर, सागर सोनवानी,ममता सिंह ठाकुर, दुर्गेश पटेल, मनोज दास कसेरा, सेहर्ष ध्रुव महासचिव आकाश गुरुदीवान के नेतृत्व में रेफरी मनीष बाग तथा कोच के रूप में जुनैद आलम के साथ हिस्सा ले रहे। सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा से पुरुष वर्ग में प्रभात साहू एवं महिला वर्ग में वरिष्ठ खिलाड़ी लोकिता चौहान, श्रेया शुक्ला, तबस्सुम सैयद एवं सिद्धि सोनवानी सहित कुल 5 किकबॉक्सर भाग ले रहे। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया है कि यह चैंपियनशिप पूरी तरह से डिजिटल है, यानी, सदस्य पंजीकरण, इवेंट भागीदारी, स्कोरिंग, परिणाम सभी ग्लोबल स्पोर्टडेटा इवेंट मैनेजमेंट सिस्टम और आरस्पोर्ट्स सदस्यता प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे। राज्य की टीम के सभी खिलाड़ियों एवं आफिशियल को किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदीवान, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल, रामकृपाल साहू, क्रीड़ा अधिकारी के आर टण्डन, क्रीड़ा भारती कोरबा के अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, रघुआथ नायक, वेंकटेश दास मानिकपुरी, सरवर एक्का, सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी, प्रतिभा राय, रेहाना फातिमा, अंतराष्ट्रीय रेफरी देवसागर साहू, शैलेश सिंह सोमवंशी, अंकित वर्मा, विकास नामदेव, रमेश साहू , हिमांशु यादव, तुषार सिंह, शुभम दास, सोमेश साहू, रमनदीप सिंह, आदित्या पाल अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जलेश राम लांझी पिता रामजी लांझी निवासी ग्राम-कामाडबरी, तहसील-बोड़ला, जिला-कबीरधाम के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम-बोड़ला, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. बोड़ला, तहसील-बोड़ला स्थित भूमि ख.नं 531/2, 531/9 रकबा क्रमशः 0.018, 0.022 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.040 भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 14.02.2025 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 30.01.2025**
**पेशी दिनांक - 14.02.2025**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

**नाम परिवर्तन**

मैं VIKRANT पिता VIJAY KUMAR उम्र 32 वर्ष, निवासी - House 160, VPO-Lawan, District - Mahendragarh, State-Haryana-123029 का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूंः-

1. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या B-2022:22-90311-000420, पंजीकरण तारीख 23-06-2022 जारी करने की तिथि 24-06-2022 प्राप्त किया था, जिसमें मेरे पुत्र का नाम MEHAN YADAV दर्ज है।
2. यह कि मेरे पुत्र का सही नाम MEHAAN YADAV दर्ज है।
3. यह कि मूल जन्म प्रमाण पत्र में असावधानीवश MEHAN YADAV दर्ज हो गया है।
4. यह कि उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति में मेरे पुत्र का नाम सुधार कर सही नाम MEHAAN YADAV दर्ज कर, प्राप्त करना चाहता हूँ।

अतः शपथपत्र उक्त जानकारी हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

# विभिन्न मांगों को लेकर फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसाइटीज के प्रतिनिधिमंडल ने की डॉ रमन सिंह से भेंट

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसाइटीज रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भेंट कर आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित छात्रों की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि के नियमित भुगतान तथा राशि में वृद्धि विषयक और विद्यालय फीस विनियामक समिति द्वारा अनुमोदित शुल्क आरटीई पोर्टल में प्रविष्ट करने हेतु निवेदन किया गया। विदित हो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 के अंतर्गत प्रवेशित छात्र छात्राओं की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान विलंब से किया जाता है प्रायः यह विलंब दो से तीन वर्षों की होती है इससे निजी शालाओं के रख रखाव एवं सुचारु रुप से संचालन पर विपरीत असर पड़ता है। निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार संशोधन अधिनियम 2012 में स्पष्ट उल्लेख है कि धारा 12 की उपधारा दो के साथ पठित धारा 7 की उप धारा 2 के अधीन प्रतिपूर्ति राशि राज्य सरकार द्वारा समय समय पर विनिश्चित किए गए अनुसार प्रत्येक वर्ष के शैक्षणिक सत्र के अंत में मार्च में की जाएगी, किंतु यह राशि प्रति वर्ष के अंत में मार्च में भुगतान नहीं होती है।



इस संदर्भ में निवेदन किया गया कि प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नियमत हो प्रत्येक सत्र की राशि उसी सत्र के अंत में मार्च माह तक प्रदान किया जाए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 में शुल्क प्रतिपूर्ति राशि का जो निर्धारण किया गया था वह लगभग 12 वर्षों के बाद भी यथावत है परंतु यह राशि किसी से छिपी नहीं है कि तब से हर चीज की कीमतों में कितने अधिक वृद्धि हो चुकी है साथ ही विभिन्न बोर्ड के द्वारा लिए जाने वाले विभिन्न शुल्क में वृद्धि हो चुकी है। अतः निजी शालाओं के खर्चे भी उसी अनुपात में बढ़ रहे हैं। अतः वही प्रतिपूर्ति राशि अभी भी दिया जाना न्याय उचित नहीं है। अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख की सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में प्रति छात्र प्रतिवर्ष जो राशि खर्च होता है उसी आधार पर प्रतिपूर्ति राशि का निर्धारण किया जावे। इस विषय पर भी निवेदन किया गया कि प्रति छात्र उपगत व्यय के आधार पर प्रतिवर्ष प्रतिपूर्ति राशि की समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक वर्ष के अंत में मार्च तक संशोधित शुल्क का निर्धारण एवं संशोधित शुल्क का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, देश के अन्य राज्यों में यह व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो चुकी है। आरटीई पोर्टल में प्रोफाइल अपडेट करते समय प्रदेश के अधिकांश स्कूलों ने नोडल के निर्देशानुसार स्कूल फीस में विद्यालय विनियामक समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक शुल्क के बदले शासन द्वारा निर्धारित आरटीई शिक्षण शुल्क अधिकतम 7000 कक्षा नर्सरी से पांचवी तक तथा 11400 रुपए कक्षा छटवीं से आठवीं तक 15000 कक्षा 9 से 12वीं तक की एंट्री कर दी गई थी जबकि नियमानुसार फीस विनियामक समिति द्वारा अनुमोदित शुल्क की ही प्रविष्टि होनी चाहिए, चुकी अभी 30 जनवरी तक पोर्टल प्रोफाइल अपडेट करने के लिए विद्यालय स्तर पर खोला गया था उपरोक्त गलत जानकारी के कारण अधिकांश स्कूलों ने शिक्षण शुल्क का अपडेशन नहीं किया है अतः निवेदन किया गया कि विद्यालय की फीस विनियम समिति द्वारा अनुमोदित शुल्क प्रविष्ट करने का अवसर प्रदान की जाएं अन्यथा विद्यालयों को अतिरिक्त आर्थिक हानि होगी और साथ ही पोर्टल की अवधि बढ़ाने के लिए भी मांग की रखी गई। प्रतिनिधि मंडल में अजय तिवारी, डॉ सुरेश शुक्ला, अशोक पटेल, अरविंद शर्मा, वीके मिश्रा, शीबा चंडोक, रेणु हैंगर, रितेश पुरोहित, आचार्य अर्पितानंद इत्यादि उपस्थित थे।

## डीईओ ने किया शंकरगढ़ विकासखंड के विद्यालयों का निरीक्षण, अनियमितता पर की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.डी.एन.मिश्रा ने शंकरगढ़ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला बगीचापारा, आसनपानी और तावरपानी में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) पंजी और और कार्यालयीन पंजियां सही तरीके से संधारित नहीं की गई थी। जिस पर प्रधान पाठक बैजनाथ यादव, काली यादव चंद्रप्रकाश यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त प्रधान पाठकों का एक वेतन वृद्धि असंचयी रूप से रोकी गई। निरीक्षण के दौरान विभिन्न आश्रमों और विद्यालयों में अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों पर भी आवश्यक कार्रवाई की गई। जिसमें अजहरुद्दीन अंसारी (शिक्षक, माध्यमिक शाला जामपानी), बिजेंद्र राम (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला आसनपानी) का दो दिवस, शंकर प्रसाद (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला बगीचापारा) का 13 दिवस, बीरसाय मिंज (सहायक शिक्षक, सलंगन शाला प्राथमिक शाला धसका), जयप्रकाश (भृत्य) और धुपन राम (भृत्य, बालक आश्रम जामपानी) का एक-एक दिवस वेतन रोका गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसे औचक निरीक्षण कर अनियमितता पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## भाजपा ने जारी की जिला पंचायत सदस्यों की अधिकृत सूची

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कबीरधाम जिला पंचायत अध्यक्ष पद आरक्षित हैं जिसके चलते दावेदारों की संख्या बढ़ गया है। जिसके चलते पार्टियों को उम्मीदवार चयन में दिक्कत हो रहे है। कबीरधाम जिला पंचायत में 14 वार्ड है जिसमें से 8 वार्डो की अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। कबीरधाम भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष द्वारा जारी किया है। जिसमें तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य सहित दो जनपद सदस्य तथा कार्य जनपद पंचायत अध्यक्ष की पति को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी अध्यक्ष द्वारा जारी सूची में क्षेत्र क्रमांक चार अनुसूचित जाति ( महिला) के पहले सूची जारी में मधु महेंद्र कुमार बर्मा का नाम जारी हुआ जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ लेकिन कुछ समय बाद राजेश्वरी महेंद्र कुमार घृतलहरे के नाम से संशोधित सूची जारी किया गया है। जिससे साफ दिखाई देता है कि पार्टी में सब कुछ सही नहीं हैं।


भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़
जिला– कबीरधाम
जिला पंचायत सदस्य हेतु भाजपा अधिकृत प्रत्याशी की (संशोधित) सूची – 2025



दीपा पप्पू धुर्वे वर्तमान में जनपद पंचायत पंडरिया के क्षेत्र क्रमांक 05 कामठी से सदस्य है और पंडरिया जनपद पंचायत में सभापति है साथ ही भारतीय जनता पार्टी कुकदुर मंडल की अध्यक्ष (महिला मोर्चा) है। लंबे समय से क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करती आ रही हैं जिसके चलते पार्टी ने अपने अधिकृत प्रत्याशी घोषित करते हुए वार्ड नंबर 01 से उम्मीदवार बनाई है।



वार्ड क्रमांक चार से राजेश्वरी महेंद्र कुमार घृतलहरें को पार्टी ने अपने उम्मीदवार बनाया है। महेंद्र कुमार घृतलहरें का छवि साफ सुथरा है और पार्टी के नीति रीति के अनुरूप कार्य करते है साथ ही सभी वर्गों में मजबूत पकड़ होने के कारण उनके ऊपर भरोसा करते हुए अधिकृत किया है।



उतरा गोकुल साहू वर्तमान में जनपद पंचायत पंडरिया के क्षेत्र मांक 25 सदस्य है साथ जनपद पंचायत में सभापति भी है। साहु समाज के जिला उपाध्यक्ष भी हैं। भारतीय जनता पार्टी पांडातराई मंडल अध्यक्ष (महिला) के पद पर भी हैं। जिला पंचायत कबीरधाम के वार्ड क्रमांक 02 में पिछले दो बार से साहु समाज की महिला सदस्य निर्वाचित हुई है अब तीसरी बार उतरा गोकुल साहू को मैदान में उतरा है जो भाजपा की नैया पार लगाने में सक्षम दिखाई दे रही हैं ।



कबीरधाम जिला भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मनी राम साहू की पत्नी पूर्णिमा को वार्ड क्रमांक पांच से अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। पिछले चुनाव में मनीराम साहू को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन कांग्रेस की लहर होने के कारण बहुत कम वोट से चुनाव हार गया था लेकिन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष होने के कारण और क्षेत्र में मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें पुनः उम्मीदवार बनाया गया है।



जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष पति दिनेश चंद्रवंशी को वार्ड क्रमांक 11 से एक मजबूत उम्मीदवार देखते हुए अधिकृत किया गया है। दिनेश चंद्रवंशी का समाज और पार्टी में संबंध मधुर है। जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष से पहले इनके पत्नी जिला पंचायत कबीरधाम के सभापति भी रह चुके है। दिनेश चंद्रवंशी पूर्व में मधुसूदन यादव के सासंद प्रतिनिधि सहित कई अन्य पदों पर रहकर जन समस्याओं के प्रति गंभीर दिखाई देते हैं।



वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष पति और सदस्य है रामकुमार भट्ट, वर्तमान में वार्ड क्रमांक तीन में अध्यक्ष पत्नी और चार में स्वयं सदस्य है साथ ही अनुभवी है सुलझे हुए होने के कारण पार्टी ने पुनः वार्ड क्रमांक से अधिकृत घोषित कर उम्मीदवार बनाया है।

जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे को भाजपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है जो पंडरिया विधायक भावना बोहरा के करीबी माने जाते है और पूर्व मंडल अध्यक्ष की पत्नी राज कुमारी राजेंद्र साहू को वार्ड क्रमांक 13 से अधिकृत किया गया है। भारतीय जनता पार्टी कबीरधाम के सामने बचे हुए छः सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने में दिक्क त हो रहा है। इन्हीं क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले जिला पंचायत कबीरधाम के अध्यक्ष पद के दावेदार होने की संभावना है।

## घासीदास स्मारक संग्रहालय में सांस्कृतिक धरोहर और उनका संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में मध्य छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरोहर और उनका संरक्षण पर आयोजित कार्यशाला के तीसरे दिन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों को रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में निवासरत 13 जनजातियों की उत्पति की मान्यताओं, प्रचलित किंवदंतियों और उनकी संस्कृति और परम्परा के बारे में बतलाया। उन्होंने बैगा जनजाति के गोदना के प्रकारों कपाड़ (सिर) गोदाय, पुखड़ा (पीठ) गोदाय, जांघ (जंघा) गोदाय की परंपरा, उनके जनउला (पहेलियों) के विषय में रोचक और नई जानकारी प्रदान की। यह भी बताया कि कमार जनजाति में यह परंपरा है कि परिवार में किसी की मृत्यु होने पर वे अपने निवासरत घर को त्याग देते हैं। मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में निवासरत विभिन्न आदिवासी समुदायों के देवी देवताओं, पारंपरिक उपचार विधि, मंत्र उपचार और जड़ी बूटी से इलाज, जात्रा, उत्सव, सुपरनेचुरल पावर संबंधी मान्यताओं, उनके कल्याण और उनकी संस्कृति के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयासों की भी जानकारी दी। दूसरे सत्र में लोक संस्कृति विशेषज्ञ और लाला जगदलपुर साहित्य सम्मान प्राप्त गंडई निवासी डॉ. पीसी लाल यादव ने मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र के तीज, त्यौहार, मेले और सांस्कृतिक जीवन में उनके महत्व पर कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कृषि संस्कृति, जन्म, विवाह और अन्य संस्कारों से जुड़े पर्व, उत्सव और लोक जीवन में उसके महत्व को किस्से कहानियों के माध्यम से बतलाया। उन्होंने लुप्त होती परंपराओं को रेखांकित किया और युवा प्रतिभागियों को उन्हें संरक्षित करने अपने अपने समाज के सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाने का सुझाव दिया। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भाषाविद डॉ. चितरंजन कर ने तीसरे सत्र में छत्तीसगढ़ की आंचलिक भाषा और साहित्य के बारे में प्रतिभागियों को बतलाते हुए सांस्कृतिक पहचान को कायम रखने में साहित्य की भूमिका और योगदान के विषय में बतलाया। उन्होंने बतलाया कि नैतिकता, शिक्षा और साहित्य का मूल धर्म है। छत्तीसगढ़ की सीमाएं 07 पड़ोसी राज्यों से जुड़ी हुई हैं जिससे यहां की भाषा अत्यंत समृद्ध हुई है। भाषा लुप्त होने से संस्कृति का लोप हो जाएगा इसलिए संस्कृति को संरक्षित करने के लिए बोली भाषा को बचाए रखना बहुत आवश्यक है।

## स्वच्छ सुंदर विकासशील नगर के साथ भ्रष्टाचार मुक्त नगर पालिका बनाने के लिये दृढ संकल्पित : सतीश अग्रवाल





पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश अग्रवाल द्वारा अपने निवास मे आयोजित प्रेस वार्ता मे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किये जिसमे मुख्य रुप से विधायक इन्द्र साव भी उपस्थित थे। आयोजित प्रेस वार्ता मे विधायक इन्द्र साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मजबूत अध्यक्ष प्रत्याशी दिया है जिसके कारण घोषणा के बाद से ही विपक्ष को कडी टक्कर मिल रहा है व कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों को अधिक से अधिक बहुमत से विजय बनाकर प्रदेश कि सबसे बडी नगर पालिका मे कांग्रेस कि सत्ता बैठाना हम सभी कांग्रेसी जनो व सभी कार्यकर्ताओं कि जवाबदारी है जिसे हम सभी एकजुटता के साथ कांग्रेस के प्रत्याशियों को विजयी दिलाने हेतु दृढ संकल्पित है।

### नगर विकास को लेकर कांग्रेस पार्टी विभिन्न योजनाएं है

सतीश अग्रवाल ने कहा कि नगर वासी अगर कांग्रेस प्रत्याशी के अध्यक्ष के रुप मे मुझे चुनती है तो नगर के दुर्गामी विकास के लिये अनेक योजनाएं है। उन्हें कहा कि पिछले कुछ सालों मे हमारा नगर का जैसा विकास होना चहिये था वह नही हो पाया। सतीश अग्रवाल ने कहा कि अगर मे नगर पालिका अध्यक्ष के रुप चुनकर आता हूं तो निश्चित ही स्वच्छ सुंदर विकासशील नगर के साथ भ्रष्टाचार मुक्त नगर पालिका बनाने के लिये दृढ संकल्पित हूँ।

### राजनीतिक प्रतिशोध के कारण शहर का विकास थमा : विधायक

विधायक इन्द्र साव ने आयोजित प्रेस वार्ता मे सीधे विपक्ष के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा पर आरोप लगाते हुये कहा कि विपक्ष के राजनीतिक प्रतिशोध के कारण शहर का विकास नही हो सका उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिन पहले नगर मे करोड़ों के स्वच्छता सामाग्री का उद्घाटन किया गया परंतु सत्ता शासन के प्रभाव के चलते राजनीतिक प्रतिशोध के कारण प्रोटोकॉल के अंतर्गत क्षेत्र के विधायक को आमंत्रित नही किया गया व विरोध करने पर धमका कर कांग्रेसियों पर हमले किये गये जो कि यहां लोकतंत्र व संवैधानिक मर्यादा के खिलाफ माना जा सकता है। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का प्रहरी होता है व शासन प्रशासन के बीच के सेतु के रुप मे कार्य करता है व जनता से जुडे हर मुद्दों को प्रकाशित कर शासन प्रशासन ध्यानकर्षण मे लाता है परन्तु पत्रकार से हर कोई उम्मीद रखते पर उनकी जरूरत व आवश्यकताओं पर किसी का ध्यान नही जा पाता इसी कारण शासन स्तर पर भाटापारा के पत्रकारों के लिये पत्रकार कालोनी के लिये प्रस्ताव रखा जायेगा।

## भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्वनी शर्मा ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अश्वनी शर्मा ने नामांकन दाखिल करने के पश्चात शहर में अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर दी। शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड में जैतखाम की पूजा अर्चना कर वार्डवासियो के बीच जाकर समर्थन मांगा। भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी ने लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, मुंशी स्माइल वार्ड एवं रामसागर वार्ड में लोगो से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की उन्होंने कहा कि भाटापारा के विकास के दृष्टिगोचर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और पार्षद के पक्ष में अपना समर्थन देवें कांग्रेस शासित पिछला पांच वर्ष का कार्यकाल भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के भेंट चढ़ गया। भाटापारा नगर पालिका में कांग्रेस मे आपसी गुटबाजी और रस्साकसी चलती रही जिसका परिणाम यह हुआ कि जिस शहर को भाजपा शासन काल में संजोया गया विकास की बुनियाद रखी गई वह हमारा शहर विकास की दौड़ में पिछड़ता गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा केंद्र से भी दिए गए पैसे में घाल मेल किया गया, और जनता तक मुलभुत सुविधा के कार्यों को तक नहीं पहुंचाया गया। अब समय आ गया है कि फिर से विकास की नई इबारत लिखने का छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है विधानसभा चुनाव में जारी किए अपने संकल्प पत्र के अधिकांश वायदों को एक वर्ष के भीतर पूरा कर एक नजीर पेश किया है इसी लिए भाजपा पर प्रदेशवासियों का अटूट विश्वास है, भाटापारा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अप्रत्याशित बढ़त दर्ज करेगी। इस अवसर पर मोहन बांधे, आशीष जायसवाल, नीरा साहू, आयशा खान, आशीष टोडर, अरुण यादव, सोनू यदु, राजीव शर्मा, देवेश गुप्ता, अशोक साहू, शिव साहू, प्रदीप बंजारे, खिलावन साहू, बिल्ला साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## बीएपीएस प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता डॉ. पूज्य ज्ञानवत्सल स्वामी जल्द ही रायपुर में

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



जीतो रायपुर चैप्टर द्वारा आगामी 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले प्रेरणादायक टॉक शो के लिए मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें औपचारिक आमंत्रण दिया गया। इस विशेष अवसर पर चैप्टर चेयरमैन तिलोक चंद बरडिया, लेडीज चेयरपर्सन रश्मि जैन, तनु लोढ़ा, शोभा श्रीमल, रिचा, इंदु, फाउंडर चीफ पैट्रन अभय भंसाली, पूर्व चेयरपर्सन कीर्ति जैन, वाईस चेयरमैन निलेश जैन, सेक्रेटरी अंकुश गोलेच्छा, कोषाध्यक्ष नरेश नाहर, विपुल सेठिया, श्रेयांश दसानी एवं राकेश नवलखा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस प्रेरणादायक आयोजन में अपनी उपस्थिति की सहमति प्रदान की। जल्द ही कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की जाएगी।

## ग्राम पंचायत तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर पर आखिर कार्रवाई कब?

### लोगों के जान माल के साथ खिलवाड़

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में एक झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री बिना अनुभव के विगत कई वर्षों से लोगों का इलाज कर स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है।आपको बताते चलें कि झोलाछाप डॉक्टर की शिकायत पूर्व में भी ग्रामीणोंके द्वारा जिला कलेक्टर बलौदाबाजार के पास हो चुकी है। जिस पर संवेदनशील कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को भांपते हुए कार्रवाई का निर्देश जिला चिकित्सा एवं मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी बलौदाबाजार को दिये थे जिस पर सी एम एच ओ ने मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई टीम गठित किये थे जानकारी लगते ही तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर दवाई इंजेक्शन के बैग सहित गॉव से कुछ दिनों के लिए नौ दो ग्यारह हो गए थे अब ग्रामीणों से पता चला है कि वह फिर से अपनी झोलाछाप की दुकान चालू कर भोले भाले ग्रामीणों के जान माल के साथ खिलवाड़ करने पर आतुर हो चुका है।आपको यह बात भी बताना जरूरी है कि झोलाछाप डॉक्टर कोरोना महामारी संकट कॉल में बेखौफ होकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ गलत इलाज किये थे जिससे कई मरीज की जान आफ़त में आने की मामला भी छाया था।तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर के कारण गॉव में तरह तरह की अपवाहो का बाजार गर्म है। ऐसे झोलाछाप डॉक्टर पर जिला प्रशासन एवं कानून प्रशासन को कार्रवाई किये जाने की मांग किये गए हैं।इस मामले पर बी एम ओ लवन डॉ सत्यजीत बनर्जी ने बताया कि बहुत जल्द कार्रवाई होगी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, PARTHO KSHITIJ SHARMA S/O GANESH SHANKAR R/o Senior MIG-108, Sector-3, Deendayal Upadhyay Nagar, Raipur, Chattisgarh-492001, have changed my-name to PARTH KSHITIJ SHANDILYA.
PD(1361)A
31-5x1-cla-PARTHO

## स्व. राजो देवी साहू स्मृति चैलेंज बैडमिंटन में ऋषभ शर्मा बना चैंपियन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com







स्व. राजो देवी साहू के स्मृति में विगत पांच दिवसीय चैलेंज कप बैडमिंटन प्रतियोगिता डाइट रायपुर के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञान सिंह साहू सेवानिवृत्त चीफ मैनेजर स्टेट बैंक रायपुर तथा अध्यक्षता बी.एल. देवांगन प्राचार्य डाइट रायपुर ने किया। विशेष अतिथि के रूप में हरदीप सिंह क्षेत्रीय निदेशक एनआईओएस तथा अमरीक सिंह सूर (रिटायर्ड नगर निगम अधिकारी) उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पुरुष एकल के विजेता ऋषभ शर्मा ने चैंपियन कप पर कब्जा किया, जिन्हें पुरस्कार राशि एवम चैलेंज कप प्राप्त हुआ तथा महिला वर्ग में एकल खिताब मीना ध्रुव डाइट रायपुर विजेता रहे तथा मुस्कान दुबे सीटीई रायपुर रहे। प्रतियोगिता में डाइट, एस सीईआरटी, सीटीई एवं एनआईओएस के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में 29 खिलाड़ी तथा महिला वर्ग में 12 खिलाड़ी सहित कुल 41 खिलाड़ी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। समापन के अवसर पर इस प्रतियोगिता के आयोजन ज्ञान सिंह साहू एवं छबिराम साहू तथा संयोजक बी एल देवांगन प्राचार्य सहित पूरे डाइट परिवार के सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता लिपिकीय कर्मचारी तथा एनआईओएस एस सीईआरटी, डाइट तथा सीटीई के सैकड़ो दर्शकों ने खेल का आनंद उठाया। विशेष रूप से सिटी चैनल के चंदूलाल टांडी एवं स्वदेश के प्रहलाद दमाहे उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को 1000 रुपये 500 300 एवं 200 का क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ पुरस्कार दी गई, चैलेंज कप दिया गया। परिणाम इस प्रकार रहे पुरुष एकल प्रथम ऋषभ शर्मा, द्वितीय धर्मवीर बाघमार, तृतीय अजय भाई, चतुर्थ राजेंद्र वर्मा। महिला एकल प्रथम कुमारी वीणा ध्रुव, द्वितीय कुमारी मुस्कान दुबे, तृतीय कुमारी मेघा साहू, चतुर्थ कुमारी ममता देवांगन रही। पुरुष युगल वर्ग में प्रथम धर्मवीर बाघमार एवं ऋषभ शर्मा, द्वितीय हेमंत सोरठे एवं शुभम बसोंने, तृतीय अजय भाई एवं गगन सिंह तथा चतुर्थ छबि राम साहू एवं जितेंद्र रामटेके की जोड़ी ने जीत हासिल की। समापन समारोह में 13 वर्ष के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी लेमन साहू और छबि राम साहू के बीच प्रदर्शन मैच में लेमन विजेता रहा जिन्हें 500 का नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ। गिरीश देवांगन बेस्ट कार्यकर्ता, अनिकेत वर्मा आदर्श खिलाड़ी, विद्या साहू बेस्ट दर्शक के साथ-साथ निर्णायकों में ज्योति वैद, धैर्य चंद्राकर, खिलेंद्र साहू सम्मानित किए गए। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को निशुल्क टी-शर्ट के साथ-साथ सभी महिलाओं के खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन समारोह में बी एल देवांगन प्राचार्य ने अपने संबोधन में खेल के प्रति छात्र अध्यापकों के रुचि की सराहना की तथा ज्ञान सिंह साहू ने अगले वर्ष भी या खेल जोर शोर से करने का निर्णय लिया तथा हरदीप सिंह ने बैडमिंटन के प्रति छात्र अध्यापकों की अनुशासन व खिलाड़ी भावना से खेले गए खेल संचालन में छबि राम साहू सहायक प्राध्यापक डाइट रायपुर तथा जितेंद्र रामटेके, उच्च श्रेणी लिपिक डाइट का सहयोग रहा।

**साझेदारी के तहत सक्ती जिले की 100 ब्राउनफील्ड आँगनवाड़ियों को आधुनिक नंद घरों में तब्दील किया जाएगा**

# छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में 100 अत्याधुनिक नंद घर स्थापित करेगा वेदांता

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, वेदांता ग्रुप अपनी प्रमुख महिला और बाल विकास पहल 'प्रोजेक्ट नंद घर' के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सक्ती जिले में 100 नंद घर स्थापित करेगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना वेदांता की सामाजिक प्रभाव शाखा अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ) और सक्ती जिले के महिला और बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग के बीच साझेदारी के तहत चलाई जा रही है, जिसके लिए हाल ही में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट (वीएलसीटीपीपी) द्वारा समर्थित है। सिंघीतराई में वीएलसीटीपीपी का निर्माणाधीन थर्मल पॉवर प्लांट है, जिसकी कुल क्षमता 1,200 मेगावाट है। सक्ती के महिला और बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने 100 ब्राउनफील्ड आँगनवाड़ियों की सूची तैयार की है, जिन्हें आधुनिक नंद घरों में बदलने का काम किया जाएगा। 'प्रोजेक्ट नंद घर' वेदांता ग्रुप की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो पारंपरिक आँगनवाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाओं में बदलकर समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा



में काम कर रहा है। सक्ती जिले के महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले ने समुदाय के विकास के प्रति वेदांता ग्रुप की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा, हमारे जिले की आँगनवाड़ियों को नंद घरों में बदलने के उद्देश्य से अनिल अग्रवाल फाउंडेशन और वीएलसीटीपीपी के बीच हुई महत्वपूर्ण साझेदारी वास्तव में सराहनीय है। ये आधुनिक केंद्र एक बेहतर इकोसिस्टम से लैस होंगे, जिससे हमारे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा और महिलाएँ सशक्त बनेंगी। मुझे विश्वास है कि यह साझेदारी नए अवसर उत्पन्न करेगी और सक्ती जिले के जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। शशि अरोड़ा, नंद घर के सीईओ ने कहा, मैं छत्तीसगढ़ सरकार और सक्ती जिले के महिला और बाल विकास विभाग का आभारी हूँ, जिन्होंने हमें 100 मौजूदा आँगनवाड़ियों को तकनीकी दृष्टि से उन्नत नंद घर केंद्रों में बदलने की जिम्मेदारी दी है, ताकि बच्चों और महिलाओं का समग्र विकास हो सके। 15 राज्यों में पहले से 7,000 से अधिक नंद घर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, और यह हमारा सौभाग्य है कि हम 5 लाख से भी अधिक बच्चों और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दे रहे है। हम इस यात्रा को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि बच्चों की देखभाल के क्षेत्र में क्राँति लाई जा सके। हमारा मुख्य ध्यान कुपोषण से लड़ने, प्री-प्राइमरी शिक्षा को बेहतर बनाने और महिलाओं को सशक्त बनाने पर है। हम राज्य और केंद्र सरकारों के साथ मिलकर समुदायों को सशक्त बनाने और स्थायी बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं। देवेंद्र कुमार पटेल, वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट के मुख्य प्रचालन अधिकारी ने परियोजना की शुरुआत पर बोलते हुए कहा, वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम बड़े पैमाने पर महत्वपूर्ण निवेश कर रहे हैं, ताकि सामुदायिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके और जरूरतमंदों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। नंद घर पहल सक्ती जिले के बच्चों और महिलाओं के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है, जो परिवर्तनकारी अवसर प्रदान करती है और सतत विकास को प्रोत्साहित करती है। अपने केंद्रित दृष्टिकोण और अटूट समर्पण के साथ, यह परियोजना छत्तीसगढ़ के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने और एक उज्जवल तथा अधिक समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। वेदांता समूह ने अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पहल 'नंद घर' के माध्यम से ग्रामीण बाल देखभाल और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों को आधुनिक रूप देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। महिला और बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से स्थापित इस परियोजना का लक्ष्य देश भर की 13.7 लाख आँगनवाड़ियों के माध्यम से 7 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाना है। बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और कौशल विकास के अवसर प्रदान करके, यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों को भारत के विकास की मुख्यधारा से जोड़ती है। इस दिशा में, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ) ने नंद घर नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए कई साझेदारियाँ की हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में पहले से ही 262 नंद घर संचालित हो रहे हैं।

# बेंगलुरु में ग्रीनर फ्यूचर के लिए इकोइनोवेटर्स बनना विषय पर ऑल इंडिया स्टूडेंट आइडियाथॉन आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




बेंगलुरु ने ऑल इंडिया स्टूडेंट आइडियाथॉन, इकोइनोवेटर्स चैलेंज की मेजबानी की, जो उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे कि एआई, आईओटी और अन्य विज्ञान-आधारित नवाचारों का लाभ उठाते हुए समाधान बनाने पर केंद्रित था। यह आइडियाथॉन ग्लोबल लर्निंग काउंसिल (विलर्स इंस्टीट्यूट, स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित) और एक्सिलर वेंचर्स और प्रतिति इन्वेस्टमेंट्स के बीच साझेदारी में एक सहयोगात्मक प्रयास था। स्कूल नेट के साथ साझेदारी में पिछले सप्ताह नई दिल्ली में हाई स्कूल के छात्रों के लिए एक ऐसा ही आइडियाथॉन आयोजित किया गया था। जीएलसी इकोइनोवेटर्स चैलेंज का प्रारंभिक चरण अक्टूबर 2024 में शुरू किया गया था, जिसमें 2600 से अधिक पंजीकरण हुए और परिणामस्वरूप 250 से अधिक आईडिया पेश किए गए। इस प्रारंभिक पूल से 13 टीमों का चयन किया गया और उन्हें अपने प्रदर्शन प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया। मजबूत समावेशिता का प्रदर्शन करते हुए, इस प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष-स्तरीय कॉलेजों ने भाग लिया, जिसमें आईआईटी, एनआईटी, वीआईटी साथ ही देहरादून (उत्तराखंड), रायपुर (छत्तीसगढ़), सासाराम (बिहार), और तिरुचेंगोडे (तमिलनाडु) जैसे गैर-महानगरीय क्षेत्रों के कॉलेज शामिल थे। आइडियाथॉन के दूसरे चरण में, कल इंफोसिस साइंस फाउंडेशन में एक डेमो डे आयोजित किया गया, जिसमें बेंगलुरु के चयनित कॉलेजों से लगभग 100 अतिरिक्त छात्रों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। फाइनलिस्ट ने जैव विविधता, जल प्रदूषण, परिपत्र अर्थव्यवस्था व्यवसाय मॉडल, वायु प्रदूषण और ऊर्जा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विचारों और समाधानों को प्रस्तुत किया। ग्रहों की सीमाएँ और एआई की क्षमता पर एक मास्टरक्लास भी आयोजित किया गया। ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय (रायगढ़, छत्तीसगढ़) की टीम नवचार, नव्या तिवारी और नवजीवन कुमार मेहता ने शीर्ष पुरस्कार हासिल किया। अपनी उपलब्धि की मान्यता के रूप में, टीम के सदस्यों को जून 2025 में स्विट्जरलैंड में तस्ष्ट द्वारा आयोजित ग्लोबल लर्निंग कॉन्फ्रेंस में भाग लेने का निमंत्रण मिला है। इंफोसिस के सह-संस्थापक, एक्सिलर वेंचर्स के अध्यक्ष और जीएलसी के सलाहकार बोर्ड के सदस्य क्रिस गोपालकृष्णन ने कहा, अपने दूसरे संस्करण में, मुझे खुशी है कि जीएलसी आइडियाथॉन का दायरा बढ़ गया है।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आलिया भट्ट के साथ लॉन्च किया खास कलेक्शन 'सॉलिटेयर वन'

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



दुनिया के सबसे बड़े और सबसे विश्वसनीय सोने एवं हीरे के खुदरा आभूषण विक्रेताओं में से एक मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्राकृतिक हीरों (नेचुरल डायमंड्स) के उत्कृष्ट संग्रह 'सॉलिटेयरवन' कोलॉन्च करने की घोषणा की है। इस संग्रह के हर हीरे को अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं द्वारा प्रमाणित किया गया है। बॉलीवुड आइकॉन और ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट के साथ यह कैंपेन सॉलिटेयर को लेकर कभी ना खत्म होने वाले आकर्षण को दिखाता है। इसके साथ ही जीवन के सबसे अनमोल पलों को रोशनी से भर देने वाली उनकी क्षमता और इन खूबसूरत रत्नों के लिए हर महिला के प्यार को दिखाता है। इस कैंपेन की शुरुआत आलिया भट्ट अभिनीत एक आकर्षक फिल्म से होती है जिसमें खुसबूरती से जुड़ी तीन प्रेम कहानियों को बिल्कुल जीवंत तरीके से दिखाया गया है। इस खूबसूरत नैरेटिव में एक व्यक्ति की उसकी प्रेमिका के साथ के बॉन्ड को दिखाया गया है. इसके साथ ही दिखाया गया है उनकी इस यात्रा के बेहद खूबसूरत पलों में ये गहने किस तरह उनके जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। आलिया भट्ट की खूबसूरती और करिश्मा से इस कैंपेन में पूरी तरह गर्मजोशी और इमोशन नजर आता है, जिससे 'द वन' को पाने की खुशी नजर आती है. इस कैंपेन की संकल्पना डीडीबी मुद्रा ने की है। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा,'सॉलिटेयर वन' के रूप में हमने एक एक कलेक्शन से कुछ बढ़कर तैयार किया है- यह कालातीत खूबसूरती और प्यार के ताकत का उत्सव है।

## रीन्यू ने कुम्भ में बांट कर 1 मिलियन कंबल बांट कर गिफ्ट वार्म्थ कैंपेन के10वें संस्करण का सफल समापन किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




अग्रणी विकार्बोनीकरण समाधान कंपनीरीन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने अपने सालाना कैंपेन 'गिफ्ट वार्म्थ' के 10वें संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की है। रीन्यू ने 2015 मेंइस पहल की शुरूआत के बाद 1 मिलियन कंबल बांटने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल कर लिया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे कुम्भ मेले के दौरान कंबल का आखिरी बैच वितरित कर कंपनी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस साल रीन्यू ने प्रमुख क्षेत्रों में 200,000 से अधिक कंबल बांटें, जिसमें छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, एनसीआर, मध्य प्रदेश, और गुजरात शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के रायपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा नेकम्बल बाँट कर लोगों को सम्बोधित किया। हाल ही में कुम्भ मेले के दौरान 23 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार में ओद्यौगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई एवं निवेश संवर्धन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता के हाथों कंबल बंटवाकर कंपनी एक मिलियन के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि तेज़ सर्दी के मौसम में संवेदनशील समुदायों को सहयोग प्रदान करने की रीन्यू की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस साल के कैंपेन में कंबल वितरण अभियान के दौरान कई गणमान्य दिग्गज मौजूद रहे, जिनमें शामिल थे- रूद्रप्रयाग में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी; रायपुर में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय

## शहीद दिवस के अवसर पर विप्र कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा और संगोष्ठी का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखते हुए महात्मा गांधी के विचारों को आज के समय भी प्रासंगिक बताया। उनके सत्य के प्रयोग, अहिंसा और आत्मनिरीक्षण आज के समय में एक अच्छे जीवन शैली के लिए आवश्यक है। इसलिए महात्मा गांधी के जन्म तिथि 2 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि शहीदों की शहादत और उनकी कुर्बानी का स्मरण करना और आजादी के महत्व को समझते हुए देश के लिए जीना सीखना आज के युवा पीढ़ी के लिए आवश्यक है। इसके उपरांत दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कोटक म्यूचुअल फंड निवेश के एक प्रभावी विकल्प के रूप में एसआईपी को दे रहा है बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




कोटक म्यूचुअल फंड के लिए बीते कुछ महीने बेहद ही मजबूत रहे हैं और मौजूदा फाइनेंशियल ईयर भी उत्साह बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। कोटक म्यूचुअल फंड की स्कीम के बेहतर प्रदर्शन और फोकस्ड प्रोडक्टम स्ट्रैटेजी (केंद्रित उत्पाद रणनीति) ने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में इस के फुटप्रिंट का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । कंपनी के सभी एसेट क्लानस में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। 31 दिसंबर, 2024 तक, कोटक म्यूचुअल फंड के पास 45 लाख से अधिक एस आई पी फो लियो (केएमएएमसी इंटरनल रिसर्च) हैं, जिनके माध्यम से निवेशक नियमित रूप से इसकी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेशकर रहे हैं। कोटक फ्लेक्सी कैपफंड, कोटक ब्लूचिप फंड, कोटक इमर्जिंग इक्विटी फंड और कोटक इक्विटी अपॉर्चुनिटी फंड जैसे प्रोडक्ट्स कोटक म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच बेहद पॉपुलर हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2024 तक, छत्तीसगढ़ राज्य में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट 39,000 करोड़ रुपये से अधिक था, जबकि लाइव एसआईपी काउंट 10,00,000 से अधिक हो गया है। यह संख्या छत्तीसगढ़ में निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड और सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। (सोर्सः केएमएएमसी इंटरनल रिसर्च और सीएएमएस) कोटक म्यूचुअल फंड एक निवेश के प्रभावी विकल्प के रूप में एसआईपी को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसके जरिए निवेशक अपने वित्तीय लक्ष्य को देखते हुए नियमित रूप से और अनुशासित रूप से निवेश कर सकते हैं।

## वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025ः उद्योग विकास को बढ़ावा देने के लिए वन नेशन वन एक्सपो

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

बहुप्रतीक्षित वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025, भारत का सबसे बड़ा बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो, 13 से 16 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठित यशोभूमि प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। 50,000 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैले इस एक्सपो में 150,000 से अधिक घरेलू आगंतुक और 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार आएंगे, जिससे वैश्विक सहयोग और व्यापार विकास के लिए एक गतिशील मंच तैयार होगा। नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी इस उल्लेखनीय पहल को अपना समर्थन दे रहे हैं, और उद्योग के लिए इसके महत्व पर जोर दे रहे हैं। वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 में 600 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे, जिनमें से प्रत्येक भवन निर्माण सामग्री में अत्याधुनिक नवाचारों को सामने लाएगा। टिकाऊ समाधानों से लेकर डिजिटल निर्माण तकनीकों तक, यह एक्सपो इस क्षेत्र में भारत की प्रगति का प्रदर्शन होने का वादा करता है, जो वैश्विक मानकों और मांगों को पूरा करने में देश की प्रगति को दर्शाता है। भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 को 'वन नेशन वन एक्सपो' के रूप में देखा गया है, जो भवन निर्माण सामग्री उद्योग के भविष्य में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने का वादा करता है। भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 स्थानीय विनिर्माण और नवाचार पर जोर देता है।

## जेएलएफ में नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा 'दियासलाई' का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के मंच पर नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा 'दियासलाई' का लोकार्पण हुआ। यह पुस्तक सत्यार्थी की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और दुनिया भर के बच्चों को शोषण से मुक्त करने की उनकी प्रेरक कहानी को दर्शाती है। लोकार्पण के दौरान कैलाश सत्यार्थी ने आत्मकथा के अध्यायों और उससे जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। दियासलाई के 24 अध्यायों में कैलाश सत्यार्थी ने विदिशा के एक साधारण पुलिस कांस्टेबल के परिवार में जन्म से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और नोबेल शांति पुरस्कार तक की अपनी यात्रा को लिखा है। सत्यार्थी की जीवनी किशोरावस्था में सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने से लेकर बच्चों को शोषण मुक्त करने के संघर्ष की प्रेरक गाथा है। पुस्तक चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि एक बार कैसे तथाकथित अछूत महिला के हाथों से खाना खाने पर उन्हें उनके ही समाज ने बहिष्कृत कर दिया और उन्हें एक छोटे से कमरे में परिवार से अलग अकेले वक्त बिताना पड़ा। उस प्रकरण के बाद ही उन्होंने अपना जातीय उपनाम शर्मा हटाने का फैसला किया और मैं सत्यार्थी बन गया, जो सत्य का रक्षक है। उन्होंने बताया, नोबेल पुरस्कार मिलने पर कुछ पत्रकारों और यहां तक कि नोबेल समिति के सदस्यों ने मुझसे पूछा कि एक या दो वाक्यों में बताएं कि आपने अपने जीवन में क्या हासिल किया है? तो, मेरा जवाब बहुत सरल था कि मानवता के लिए मेरा सबसे विनम्र योगदान यह है कि मैं सबसे उपेक्षित और गुमनाम बच्चों को सामने लाने में सक्षम रहा।

## कलर्स एक पारिवारिक ड्रामा में दर्शकों का स्वागत करता है, जहां 'राम भवन' में दो विरोधी साथ मिलकर एक तूफान से भिड़ते हैं

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




हर घर की अपनी कहानियां होती हैं, लेकिन भूमिका को अनोखे ढंग से रिवर्स करते हुए, कलर्स अपने नए शो 'राम भवन' में सत्ता संघर्ष से भरी एक हवेली के दरवाज़े खोलता है। यह आगामी पारिवारिक ड्रामा इस अशांत निवास की दीवारों के भीतर गर्व, बुद्धि और अहंकार के धमाकेदार झगड़े पर से पर्दा उठाता है। राम भवन में आपका स्वागत है, जहां विद्रोही स्वभाव का मनमौजी 'हिसाब का बड़ा पक्का' ओम, घमंडी अकड़ के साथ घूमता है, लेकिन जुगाड़ की अपनी आदत के दम पर जीने के लिए तरसता है। ओम के विपरीत, ईशा धैर्यवान और जमीन से जुड़ी हुई लड़की है, जो पहले एक अमीर परिवार से थी लेकिन वित्तीय बर्बादी के बाद वह फिर से अपनी स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में पूरे दृढ़ संकल्प के साथ काम रही है। ओम और ईशा के बीच कुछ भी समान नहीं है, सिवाय इस बात के कि उनका दुश्मन एक ही है - गायत्री, ओम की चालाक भाभी और ईशा की क्रुर बॉस। ओम के रूप में मिश्कत वर्मा, ईशा की भूमिका में खुशी राजेंद्र, और गायत्री के रूप में समीक्षा जयसवाल अभिनीत, 'राम भवन' का प्रीमियर 29 जनवरी को होगा और उसके बाद यह हर रात 8.30 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। प्रयागराज में एक ढहती हवेली में सेट किया गया, 'राम भवन' ऐसी जगह है जहां दीवारों के कान होते हैं और खिड़कियां सब कुछ देख सकती हैं, और यह जगह ताकत, गौरव और धैर्य की कहानी की गवाह बनती हैं। गायत्री, घर की तानाशाह है, जो पैसों की डोर को संभालती है और उसे अपने ससुराल के नसीब को भी। उसकी क्रुर हुकूमत को उसके जुगाडू देवर ओम से चुनौती मिलती है, जो अपनी भाभी के हाथों मिलने वाले गंभीर अपमान को सहन करते हुए, अपने परिवार की गरिमा को फिर से हासिल करने और अपनी काबिलियत साबित करते हुए सरकारी नौकरी हासिल करने की कोशिश करता है।

## मनबा फाइनेंस लिमिटेड ने क्यू3 एफवाय25 के नतीजों की घोषणा की; पीएटी में 168.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मनबा फाइनेंस लिमिटेड, एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी जो नए 2 व्हीलर, 3 व्हीलर, इलेक्ट्रिक 2 व्हीलर, इलेक्ट्रिक 3 व्हीलर, पुरानी कारें, छोटे व्यवसाय ऋण और व्यक्तिगत ऋण के लिए वित्तीय समाधान प्रदान करती है, ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। क्यू3 एफवाय25 की तुलना क्यू3 एफवाय24 सेः ऑपरेशन से राजस्व क्यू3 एफवाय25 में बढ़कर 68.87 करोड़ रुपये हो गया, जो क्यू3 एफवाय24 में 48.07 करोड़ रुपये था, जो साल-दर-साल 43.26% की वृद्धि दर्ज करता है। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई क्यू3 एफवाय25 में 43.58 करोड़ रुपये रही, जबकि क्यू3 एफवाय25 में 43.58 करोड़ रुपये रही। क्यू3 एफवाय24 में 27.53 करोड़ रुपये, जो कि वर्ष-दर-वर्ष 58.28% की वृद्धि दर्ज करता है। क्यू3 एफवाय25 के लिए कर-पूर्व लाभ 16.46 करोड़ रुपये है, जबकि क्यू3 एफवाय24 में यह 6.31 करोड़ रुपये था, जो कि वर्ष-दर-वर्ष 160.81% की वृद्धि दर्ज करता है। क्यू3 एफवाय25 में कर-पश्चात लाभ 12.96 करोड़ रुपये है, जबकि क्यू3 एफवाय24 में यह 4.83 करोड़ रुपये था, जो कि वर्ष-दर-वर्ष 168.34% की वृद्धि दर्ज करता है। क्यू3 एफवाय25 के लिए प्रति शेयर आय 2.58 रुपये है, जबकि क्यू3 एफवाय24 में यह 0.96 रुपये थी। 9एम एफवाय25 की तुलना 9एम एफवाय24 सेः 9एम एफवाय25 में परिचालन से राजस्व 182.48 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि क्यू3 एफवाय24 में यह 182.48 करोड़ रुपये था। 9एम वित्त वर्ष 24 में 136.36 करोड़ रुपये, 33.82% की वृद्धि दर्ज की गई। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले की कमाई 9 एम वित्त वर्ष 25 में 114.74 करोड़ रुपये रही, जबकि 9एम वित्त वर्ष 24 में यह 85.11 करोड़ रुपये थी, जो 34.82% की वृद्धि दर्ज की गई।

**डिप्टी सीएम साव के साथ केक काटकर किया गया सेलिब्रेशन**

# ऑटो एक्सपो में पिछले साल की बिक्री का रिकार्ड टूटा, अब तक कुल 11604 वाहनों की हो चुकी है बिक्री

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






ऑटो एक्सपो 2025 को शानदार रिस्पांश मिल रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल ऑटो एक्सपो में कुल जितने वाहन बिके थे उससे कहीं अधिक इस बार पन्द्रह दिन के पहले ही बिक चुके हैं। अभी 15 फरवरी तक आयोजन का समय बाकी है, मतलब तय है कि एक नया अयाम छू कर जायेगा इस बार का ऑटो एक्सपो। पिछली बार कुल 10014 वाहनों की बिक्री हुई थी जबकि इस बार 28 जनवरी तक की स्थिति में कुल 11604 वाहन बिक चुके हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ राडा मेंबर्स ने केक काटकर इसका सेलिब्रेशन किया। सर्वाधिक बिक्री कार व मोटरसाइकल की हो रही है। रोजाना न्यू माडल की लांचिंग भी हो रही है। स्टेज परफार्म में डांस ट्रीप व राकस्टार बैंड की शानदार पेशकश का विजिटर्स ने भरपूर आनंद लिया। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि शानदार बिक्री की चलते सभी डीलर्स ने कंपनियों से भरपूर स्टाक मंगा लिए हैं ताकि किसी प्रकार शार्टेज की स्थिति न बने। चूंकि महीने पर का एक्सपो तय था इसलिए तैयारी भी राडा ने व्यापक पैमाने पर हर एंगल से कर रखा है। मिलते शानदार रिस्पांश को देखकर बीच में विस्तार भी किया गया। स्पेशल गेस्ट रहे अरूण साव, उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन व कैट के अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी व टीम। राडा मेंबर्स ने उनका स्वागत करते एक्सपो आयोजन के संदर्भ में पूरी जानकारी दी, उन्होने विभिन्न स्टालों में पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण भी किया और आयोजन की प्रशंसा भी की। कैलाश खेमानी ने बताया कि हम अपने वादे के मुताबिक किसी न किसी व्हीकल के न्यू माडल की लांचिंग रोज कर रहे हैं। इस कड़ी में टीवीएस अपाचे 160, टाटा नेक्सन सीएनजी तथा बाइक में गोअन क्लासिक 350 व स्क्रैम-440 की लॉचिंग की गई। गुरुवार को अशोक लीलेंड एससीव्ही साथी की लॉचिंग होगी। सभी वाहनों की अपनी खूबियां हैं। जहां तक टीवीएस अपाचे 160, 4व्ही का सवाल है, बहुत ही शानदार वैरिएंट है 37 एमएम यूएसडीएस के साथ जिसमें 3 राइडिंग मोड स्पोर्ट अर्बन व रेन है। इसका कलर भी अपडेट किया गया है जिससे यह शार्प व युवा दिखती है मतलब नए पीढ़ी के लोगों की यह पसंद बनेगी। टाटा नेक्सॉन सीएनजी के हर फीचर काबिले तारीफ है, मार्डन लुक, जबरदस्त परफार्मेंस और टेक्नोलाजी का बेजोड़ संगम है। इसलिए इसे देखते ही कस्टमर पसंद करने लगते हैं। भारत में सीएनजी कारों में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में इसका नाम शुमार है। रॉयल एनफील्ड ने 350 सीसी सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए भारतीय बाजार में नई गोअन क्लासिक 350 (रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350) मोटरसाइकिल लॉन्च की हैं आज रायपुर के ऑटो एक्सपोमें इसकी लांचिंग की गई। खास बात यह है कि इसे सिंगल-टोन और डुअल-टोन पेंट ऑप्शन में पेश किया गया है, इसमें कई बड़े बदलाव किए गए हैं जो इसे ज्यादा प्रीमियम और आकर्षक बनाते हैं। इसके फीचर्स में एलईडी लाइटिंग, सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एडजस्टेबल लीवर और रॉयल एनफील्ड का ट्रिपर नेविगेशन सिस्टम शामिल है। रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 440 में पहले से ज्यादा पावरफुल 440 सीसी का इंजन मिलेगा।

## दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के प्रथम आगमन पर भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के प्रयागराज महाकुम्भ में दण्ड सन्यास दीक्षा उपरांत रायपुर आगमन होगा। यह जानकारी देते हुए शंकराचार्य आश्रम के आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया की पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज से 25 जनवरी को दण्ड सन्यास दीक्षा लेने के उपरांत दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज का 31 जनवरी को प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत वंदन एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 1008 यतिप्रवर दण्डीस्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के दण्ड सन्यास उपरान्त प्रथम नगर आगमन पर शोभायात्रा 31जनवरी को दोपहर 2 बजे कमल विहार (शंकराचार्य) चौक डुमरतराई से प्रारंभ होगी। आचार्य ने कहा राजधानी सहित छत्तीसगढ़ के सनातन धर्मियों का भाग्य है कि डॉ.इन्दुभवानन्द महाराज जैसे योग्य और मृदुभाषी को दंडी संन्यासी के रूप में प्रथम आगमन होगा। छत्तीसगढ़ राज्य और राजधानी रायपुर के गौरव एवं पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठ के दण्डी सन्यासी के स्वागत के लिए राजधानी सहित छत्तीसगढ़वासी आतुर हैं।


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अजय कुमार साहू
समिति प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जामपारा
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चन्द्रभान पाण्डेय
डीलर : स्वराज ट्रैक्टर्स
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रिचेश सिंह चौहान
अंतर्राज्यीय पशु व्यापारी
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
रामकृष्ण साहू एवं आशा रामकृष्ण साहू
पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जिला-कोरिया (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीराम यादव
समिति प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति झरनापारा
जिला कोरिया (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शिवबालक पण्डो
पूर्व सरपंच
ग्राम पंचायत भांडी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नरेन्द्र शर्मा
समिति प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छिन्दडांड
जिला कोरिया (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रामकुमार साहू
समिति प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तरगंवा, जिला कोरिया (छ.ग.)


जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राष्ट्रीय अखबार पायनियर हिन्दी में
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
संकलनकर्ता
दीपक सिंह चौहान
ब्यूरोचीफ-बैकुंठपुर, जिला-कोरिया
मो. 99266-16119

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ
मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत
धीरेन्द्र विश्वकर्मा
खोंगापानी, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दुर्गेश पाण्डेय
संचालक, जय अम्बे स्टोन क्रेशर
उजियारपुर, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
स्कूल शिक्षा विभाग
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


गौतम दुग्गड़
उत्तम दुग्गड़
कल्पतरू एग्रो इंडस्ट्रीज़
GUD फूड प्रोडक्ट प्रा. लिमि. मनेन्द्रगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री माधव भोग
चक्की फ्रेश आटा
शुद्ध एवं पौष्टिक आहार, स्वस्थ जीवन का आधार
• आटा • सूजी • मैदा
• बेसन • चोकर
कैलाश चंद्र गोयल 94255 81081
संजीव कुमार गोयल 94252 56899
संतोष कुमार गोयल 94255 81161
निर्माता :- मे. अन्नपूर्णा फूड्स, ग्राम-पिपरिया, मनेन्द्रगढ़
जिला - एम.सी.बी. (छ.ग.) मो.: 7000720488

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गुलाब कमरो
पूर्व विधायक
भरतपुर सोनहत विधानसभा
विनीत - समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता भरतपुर-सोनहत विधानसभा

DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL MANENDRAGARH
Affiliated to CBSE Delhi No. 3330480
Class - Play Group, Nursurey to Class-XII (All Streams)
26TH JAN REPUBLIC DAY
समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

- SPORTS QUOTA
- SPORTS ACADEMY
- BIG CLASSROOMS
- A RICH LIBRARY
- SKATING ACADEMY
- FRENCH LANGUAGE
- LOVING ATMOSPHERE
- COMMUNICATION CLASSES
- MUSIC AND DANCE ACADEMY
- A BIG & GREEN PLAYGROUND
- CAMPUS/CLASSROOM SURVEILLANCE BY CCTV
- BEST FACULTIES FROM DIFFERENT PARTS OF INDIA
- FOUNDATION CLASSES FOR GRADE IX to XII (MONTHLY TEST)
- BEST ACADEMIC CURRICULUM AND CO-CURRICULAR ACTIVITIES
- PLAY SCHOOL AGE 2+ DWPS TODDLERS A PREMIUM PRESCHOOL FOR KIDS
- THE BEST EDUCATION PLACE WITH WELL EQUIPPED PHYSICS, CHEMISTRY & BIOLOGY LABS


रमेश सिंह, चेयरमेन
व्यंकटेश सिंह, डायरेक्टर
श्रीमती पुनम सिंह, डायरेक्टर

Bus Facility Available
MANENDRAGARH, BATTALION, AMADAND COLONY, CHIRMIRI, NAGPUR, RAJNAGAR, KHONGAPANI, BIJURI.
www.dwpsmdgr.com
info.dwpsmdgr@gmail.com
97702 35280, 62661 58677
86025 83133, 077712 99026
Delhi World Public School, Manendragarh,
DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL, RING ROAD, MANENDRAGARH, DISTRICT MCB, CG

26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आपका सेवक श्याम बिहारी जायसवाल
मंत्री - लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन, छत्तीसगढ़ शासन
@shyambiharibjp Shyambiharibjp ShyamBiharibjp

संकलनकर्ता – रामचरित द्विवेदी, ब्यूरोचीफ, जिला–मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, मो. 831-965-1960

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403